दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 169
कोटद्वार रविवार
15 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर लगाया 5 लाख का जुर्माना, याचिका को बताया पब्लिसिटी स्टंट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की 'दोषपूर्ण शपथ' को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए शीर्ष अदालत ने याचिका दायर करने वाले व्यक्ति पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उक्त जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा गया कि बंबई उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस की शपथ दोषपूर्ण थी। शीर्ष अदालत ने पांच लाख का जुर्माना लगाते हुए कहा, प्रचार पाने के लिए यह एक तुच्छ प्रयास था।

बेंच में शामिल जज जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि हमारी राय है कि ऐसी याचिकाओं से कोर्ट का समय खराब होता है और गंभीर मुद्दों से कोर्ट का ध्यान भटकता है। ऐसी याचिकाएं न्यायपालिका के मैनपावर और रजिस्ट्री का दुरुपयोग करती हैं। जजों ने कहा कि अब ऐसा समय आ गया है जब कोर्ट को ऐसी व्यर्थ याचिकाएं दाखिल करने पर जुर्माना लगाना शुरू करना चाहिए। बेंच ने कहा कि हम याचिकाकर्ता पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए इस याचिका को रद्द करते हैं। ये जुर्माना याचिकाकर्ता को 4 हफ्ते केअंदर भरना होगा।

## कर्नाटक के एक शख्स ने हमास की जीत के लिए मांगी दुआ, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**दक्षिण कन्नड़ ,एजेंसी।** दक्षिण कन्नड़ जिले के एक व्यक्ति द्वारा इजरायल के खिलाफ आतंकवादी संगठन हमास की जीत के लिए विशेष प्रार्थना करने का आग्रह करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, इससे बहस शुरू हो गई है।

30 सेकंड के वीडियो में, खुद को मंगलुरु के खबरस्तान प्रेमी संघ के सदस्य जाकिर के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति ने अपील की है कि उसके समूह के सदस्य फिलिस्तीन, गाजा निवासियों और हमास सैनिकों के लिए 'दुवा' (विशेष प्रार्थना) आयोजित करें।

तालिबानी जैसे कपड़े पहने जाकिर को एक धार्मिक ग्रंथ हाथ में लिए देखा जा सकता है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, इससे सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील दक्षिण कन्नड़ जिले में चिंता बढ़ गई थी। वीडियो में जाकिर खुद को मंगलुरु शहर के बंदर इलाके का निवासी होने का दावा कर रहा है। पुलिस ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## विश्व कपः आगे बढ़ा भारत का विजय रथ

# एक लाख दर्शकों के सामने पाकिस्तान को हरा अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा



अहमदाबाद। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। उसने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ अब अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को भी हरा दिया। टीम इंडिया का अगला मुकाबला 19 अक्तूबर को बांग्लादेश से पुणे में होगा। वहीं, पाकिस्तान की टीम 20 तारीख को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बंगलूरू में खेलेगी। भारत ने विश्व कप के 12वें मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। यह विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की लगातार आठवीं जीत है। वह अब तक उसके खिलाफ नहीं हारी है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बड़ी जीत के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके तीन मैचों में अब छह अंक हो गए हैं। न्यूजीलैंड के भी छह अंक हैं, लेकिन बेहतर नेट रनरेट के आधार पर रोहित शर्मा की टीम पहले स्थान पर है। भारत का नेट रनरेट +1.821 हो गया। वहीं, न्यूजीलैंड का नेट रनरेट +1.604 है। पाकिस्तान चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकार है, लेकिन उसका नेट रनरेट गिरकर −0.137 हो गया।

### बुमराह बने प्लेयर ऑफ द मैच

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा दर्शकों के सामने भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 42.5 ओवर में 191 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 30.3 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने सात ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए।

## भारत ओलंपिक की मेजबानी के लिए उत्साहितः मोदी

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र में बोले पीएम मोदी

**मुंबई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर पहुंचे। यहां अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चालीस साल के बाद भारत में आईओसी सत्र आयोजित होना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले ओलंपिक में कई भारतीय एथलीट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हाल में संपन्न हुए एशिआई खेलों में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उससे पहले हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भी हमारे युवा एथलीट ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत अपनी धरती पर ओलंपिक का आयोजन करने के लिए बहुत उत्साहित है। साल 2036 में भारत में ओलंपिक का सफल आयोजन हो, इसके



लिए भारत अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखेगा।'

इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा, 'मुंबई में 141वें आईओसी सत्र में आप सभी का स्वागत करना एक बड़े सम्मान की बात है। हम भारत में आकर बहुत खुश हैं – एक ऐसा देश जो ओलंपिक खेलों सहित कई मायनों में आगे बढ़ रहा है। आज यहां आपकी (पीएम मोदी) मौजूदगी आपके देश में ओलंपिक खेलों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है।'

बाख ने कहा, भारत हमारे आईओसी सत्र को आयोजित करने के लिए वास्तव में एक प्रेरणादायक स्थान है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा देश है जो भविष्य के लिए आत्मविश्वास के साथ–साथ एक शानदार इतिहास और गतिशील वर्तमान को जोड़ता है।

वहीं, उद्यमी नीता अंबानी ने कहा, 'आज दुनिया को भाईचारे और एकजुटता की पहले से ज्यादा जरूरत है। यह युद्ध के मैदानों पर नहीं हो सकता है, यह केवल खेल के मैदानों पर ही हो सकता है।'

## इजरायल हमले में वेस्ट बैंक में 14 फिलिस्तीनियों की मौत, 1843 हुआ मृतकों का आंकड़ा



**रामल्ला, एजेंसी।** इजरायली सेना और हमास की झड़प में शुक्रवार को वेस्ट बैंक में कम से कम 14 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी।

फ़लिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि फ़लिस्तीनी इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और इज़राइल के बीच हिंसा के नए दौर के सातवें दिन नब्लस, तुल्कर्म, हेब्रोन और अन्य वेस्ट बैंक शहरों में झड़पें हुईं। मंत्रालय ने कहा तुल्कर्म शहर में कम से कम पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है।

इज़रायली मीडिया ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने कम से कम चार फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिन्होंने तुल्कर्म के पास वेस्ट बैंक सुरक्षा अवरोध को तोड़ने के लिए विस्फोटक उपकरण लगाए हुए थे। इस बीच, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में चल रहे इजरायली सैन्य अभियान की निंदा करने के लिए वेस्ट बैंक के शहरों में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए।

## आशा कार्यकत्री ने की फांसी लगा खुदकशी

**बागेश्वर।** लाहूर घाटी के पंद्रहपाली गांव में एक आशा कार्यकत्री ने शुक्रवार की रात घर के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों ने जब यह मंजर देखा तो उनके पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंद्रहपाली गांव की 30 साल की आशा कार्यकत्री दया देवी पत्नी सुरेश लाल ने शुक्रवार की रात अपने की घर में फांसी का फंदा लगाकार आत्महत्या कर ली।

# प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने में जुटे अफसर : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिथौरागढ़ जिले के भ्रमण के दौरान दिए गए विजन को साकार करने के लिए शासन के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये।

शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए जा रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा सीमान्त क्षेत्रों के विकास के लिये संचालित योजनाओं के प्रभावी



सीएम पुष्कर सिंह धामी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

क्रियान्वयन के लिये समेकित प्रयासों की भी मुख्यमंत्री ने जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का समूचे उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव रहा है। यह समय-समय पर उनके उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान स्पष्ट नजर भी आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार उत्तराखण्ड को वर्ष 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए कटिबद्ध है। हम सबको इस दिशा में प्राण प्रण से जुटना होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी, सचिव मुख्यमंत्री श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेश-ाक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# सीडीएसः रूस का महत्व कम होगा, चीन मुखर होकर उभरेगा': सीडीएस चौहान

**बंगलुरू, एजेंसी।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का कहना है कि आने वाले समय में भू–राजनीति में रूस का महत्व कम होता जाएगा। वहीं चीन मुखर होकर उभरेगा। सीडीएस ने बंगलुरू में आयोजित हुए एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर में शिरकत की। इस दौरान सीडीएस ने अपने संबोधन में कहा कि 'सैन्य बल लगातार अपने आप को बदल रहे हैं और यह आज का जरूरत है। हम एक ऐसे दौर में दाखिल हो रहे हैं, जो अनिश्चित्ताओं से भरा है और इसके लिए बड़े बदलाव करने की जरूरत है।'



सीडीएस ने कहा कि सैन्य बल भी इन बदलावों को लेकर सचेत हैं और वह भी इन्हें अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक वायुसेना की बात है उन्होंने नेटवर्क केंद्रित युद्धकला में बेहतरी हासिल की है। वहीं नौसेना में भी मिशन आधारित तैनाती हो रही है। भू–राजनीति पर बात करते हुए सीडीएस ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक भू–राजनीति में रूस की अहमियत कम होगी, भले ही वह एक बड़ी परमाणु शक्ति है। वैगनर ग्रुप की बगावत ने रूस की अंदरूनी कमजोरी को उजागर कर दिया है और इससे पता भी चलता है कि भविष्य में रूस से संबंधित क्या हो सकता है।

चीन को लेकर सीडीएस ने कहा कि आने वाले समय में चीन और ज्यादा मुखर होकर उभरेगा। बेशक रूस और चीन के साझा हित होंगे और कुछ अन्य देश भी इनके साथ आ सकते हैं। इनमें उत्तर कोरिया और ईरान का नाम शामिल है। बता दें कि रूस–यूक्रेन युद्ध को चलते हुए लंबा वक्त बीत गया है और इसके चलते पश्चिमी देशों ने रूस पर भारी आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसका असर रूस की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। साथ ही बीते दिनों रूस के वैगनर ग्रुप ने वहां की सेना के खिलाफ ही बगावत कर दी थी। इस दौरान वैगनर ग्रुप के सैनिक राजधानी मॉस्को के नजदीक तक पहुंच गए थे।

हालांकि बाद में बेलारूस के राष्ट्रपति की मध्यस्थता से वैगनर ग्रुप ने बगावत का इरादा त्याग दिया था, लेकिन इस बगावत ने पुतिन की रूस पर ढीली पड़ती पकड़ को भी उजागर कर दिया था।

## सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं बन पाई कायल गांव में सड़क

**चम्पावत।** गुमदेश के गामीणों ने डनगांव–कायल सड़क निर्माण न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इसे लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। कहा कि सीएम घोषणा में शामिल सड़क को शीघ्र फाइलों से धरातल पर लाया जाए। गांव के काश्तकार मोहन चंद्र पांडेय के साथ ग्रामीणों ने कहा कि गुमदेश के कायल गांव के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सड़क बनाने की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद वन विभाग, लोनिवि और राजस्व टीम ने करीब दो साल पहले सड़क की सर्वे किया। लेकिन अब सड़क निर्माण का कार्य ठंडे बस्ते में चला गया है। कहा कि सड़क बनने से कायल, डनगांव, भोजनी, बुंडा और सुतेड़ा गांव को लाभ मिलता।

## 48–72 घंटे में जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल में होगी भारी बारिश

**दिल्ली , एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को एक ऑरेंज अलर्ट जारी किया। जिसमें तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले दो से तीन दिनों में जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी दी गई है। आईएमडी ने कहा कि यह सीजन का पहला तीव्र पश्चिमी विक्षोभ है और 17 अक्टूबर तक उत्तर पश्चिम और मध्य भारत को प्रभावित करेगा। पश्चिमी विक्षोभ मौसम प्रणालियां हैं, जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होती हैं और उत्तर पश्चिम भारत में बेमौसम वर्षा लाती हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पंजाब में भी सोमवार को भारी बारिश हो सकती है। इस अवधि के दौरान जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में आंधी और बिजली गिरने की भविष्यवाणी की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मध्य पाकिस्तान और पड़ोसी क्षेत्रों पर एक चक्रवाती परिसंचरण विकसित हुआ है। आईएमडी ने कहा कि 15 अक्तूबर को एक ताजे पश्चिमी विक्षोभ के साथ विलय की संभावना के साथ इसके और तेज होने की संभावना है।इस प्रणाली को अरब सागर से नमी मिलने की उम्मीद है, जिससे इसी अवधि के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में वर्षा की तीव्रता और वितरण में वृद्धि होगी। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद निचले क्षोभमंडल स्तर पर हिमालय से आने वाली शुष्क उत्तर–पश्चिमी हवाएं उत्तर पश्चिम भारत में प्रबल होने की संभावना है।

# हरिद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## असम के सीएम बोले– सनातन धर्म नहीं हो सकता कभी खत्म

**हरिद्वार ।** पितृपक्ष की अमावस्या के चलते आज हर की पैड़ी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। अमावस्या पर स्नान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसे में इस पुण्य का लाभ लेने के लिए सुबह–सुबह ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाने पहुंचे।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी हरिद्वार के प्राचीन नारायणी शिला मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। यहां पितरों के लिए पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि सनातन कभी खत्म नहीं हो सकता। बताया कि वह हर साल अमावस्या के दिन प्राचीन नारायणी शिला मंदिर आने की कोशिश करते है। आज भी वह पितृ अमावस्या के मौके पर नारायणी शिला मंदिर पहुंचे हैं।

इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म पर की जा रही लगातार बयान बाजी पर बोलते हुए कहा कि कुछ लोग चाहते हैं कि सनातन और सनातन से जुड़ी परंपराएं इस देश में खत्म हो जाए,लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जब वह लोग भी नहीं थे तब से सनातन धर्म था। करीब 5000 साल पूर्व से सनातन धर्म और उससे जुड़ी परंपराएं चलती आ रही है। सनातन धर्म की की परंपराएं आगे भी इसी तरह चलती रहेगी।वहीं गठबंधन द्वारा की जा रही बयान बाजी पर उन्होंने कहा कि यह जो गठबंधन के लोग सनातन धर्म पर बयानबाजी कर रहे है यह पाप का कार्य कर रहे हैं और इस पाप के लिए भारत के लोग उन्हें 2024 में जवाब देंगे ।माना जाता है कि यदि किसी को अपने पितरों की मृत्यु कि तिथि ना पता हो तो वह पितृ पक्ष के अंतिम दिन अमावस्या को पितरों को पिंडदान तर्पण कर सकता है। इससे पितरों को मुक्ति और मोक्ष मिलता है।

# प्रेशर हॉर्न, बिना साइलेंसर वाले वाहनों के इस्तेमाल पर लगाएं रोक

## हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ध्वनि प्रदूषण को कम करने के मद्देनजर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल और बिना साइलेंसर वाले दोपहिया वाहनों को चलाने पर नकेल कसने का निर्देश दिया है।

अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अदालत ने मुख्य सचिव को 20 नवंबर को अगली सुनवाई तक प्रेशर हॉर्न और बिना साइलेंसर वाले दोपहिया वाहनों के खतरे से निपटने के लिए राज्य मशीनरी द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया।



छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा दायर हस्तक्षेप आवेदनों की सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश एन.के. चंद्रवंशी की खंडपीठ ने कहा कि अदालत ने राज्य भर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न आदेश जारी किए हैं।

हालांकि, इन उपायों को उद्देश्य के अनुसार लागू नहीं किया गया है, और संबंधित अधिकारियों ने लाउडस्पीकर, प्रेशर हॉर्न, म्यूजिकल हॉर्न और साउंड एम्पलीफायरों से पैदा होने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी होने के बावजूद, ढीला रवैया अपनाया।

डीजे संचालक आशीष दुबे की ओर से वकील विनय पांडे द्वारा अदालत में एक और हस्तक्षेप आवेदन दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि हस्तक्षेपकर्ता के खिलाफ जो कार्रवाई की गई है, वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा नहीं की गई प्रतीत होती है।

खंडपीठ ने टिप्पणी की कि ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए नियमों और विनियमों के अस्तित्व के बावजूद, राज्य मशीनरी द्वारा विशेष रूप से त्योहारी सीजन के दौरान बहुत कम काम किया गया है।

अदालत ने 29 सितंबर, 2023 को समाचार पत्रों में प्रकाशित एक समाचार रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें ध्वनि प्रदूषण के कारण कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों और निवासियों को होने वाली कठिनाइयों पर रोशनी डाली गई थी। अदालत के हस्तक्षेप के बाद राज्य मशीनरी ने इस खतरे को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की। हालांकि, यह एक हस्तक्षेप याचिका के जरिए अदालत के ध्यान में लाया गया था कि सड़क पर यात्रा करते समय नागरिकों के लिए ध्वनि प्रदूषण के कारण असुविधा की घटनाएं बनी रहती हैं, क्योंकि प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल और हाई स्पीड पर साइलेंसर के बिना मोटरसाइकिलों का चलना जारी है।29 सितंबर को उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में, मुख्य सचिव ने एक हलफनामा पेश किया जिसमें बताया गया कि 4 अक्तूबर को डीजीपी, सभी संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट और छत्तीसगढ़ के सभी एसपी के साथ ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए कदम पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई गई थी।

# नवरात्रों को लेकर फूड सेफ्टी विभाग ने जारी की गाईडलाइन



देहरादून। नवरात्र के दौरान दिल्ली में कुट्टू–सिंघाड़े के आटे, घी, तेल सहित अन्य की मांग बढ़ जाती है। उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा विभाग के आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार के मुताबिक त्योहारी सीजन के दौरान मिलावटी सामान के आने की संभावना ज्यादा होती है, इसे रोकने के लिए विभाग सर्तक है। वहीं विभाग ने सभी जिलों के लिए टीम बना बनाई है। विभाग का प्रयास है कि उत्तराखंड में किसी भी प्रकार के मिलावट का सामान लोगों तक न पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि नवरात्र से त्योहारों का सीजन शुरू हो जाता है जो दिसंबर तक जारी रहता है। इस दौरान सामान की मांग काफी ज्यादा होती है। ऐसे में मिलावटी कुट्टू–सिंघाड़े के आटे, खोया, घी, चॉकलेट, पनीर, ड्राई फ्रूट आने की संभावना होती है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड देहरादून डा0 आर. राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आगामी त्योहारी सीजन नवरात्र, दीपावली आदि के दौरान आम जनमानस द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने व इनमें मिलावट की संभावना के दृष्टिगत क्रियान्वित विभागीय कार्ययोजना के प्रथम चरण में कुट्टू के आटे के 100 सर्विलांस लिये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। उक्त सर्विलांस नमूनों के अतिरिक्त व्रत में उपयोगित अन्य खाद्य सामग्रियों की विधिक जांच नमूने संग्रहित करने के निर्देश जारी किये गये हैं, संयुक्त आयुक्त डा0 आर0 के0 सिंह खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड की ओर से जारी आदेशों में नवरात्र अवधि से पूर्व उक्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश समस्त अभिहित अधिकारियों को निर्गत किये गये हैं।

## न्यू दून ब्लास्म ने जीती अंतर्विद्यालयी दोहावली प्रतियोगिता

देहरादून। सनराइज एकेडमी रायपुर में हुई अंतर्विद्यालयी दोहावली प्रतियोगिता में न्यू दून ब्लास्म विद्यालय विजेता रहा। दूसरे स्थान पर द हिमालयन पब्लिक स्कूल रहा। प्रतियोगिता का आकर्षण शहर के नौ विद्यालयों के छात्रों द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ की संगीतमय प्रस्तुति रही। प्रतियोगिता की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई। स्वागत भाषण प्रधानाचार्य नीतू तोमर ने दिया। संचालन वंशिका चौहान, गरिमा चौहान ने किया। सनराइज एकेडमी के छात्रों ने हे दु:ख भंजन, मारुति नंदन..की प्रस्तुति दी। प्रतिभागी छात्रों की एक से बढ़कर एक संगीतमय भक्तिमय, लयबद्ध प्रस्तुतियां दी।

प्रतिभागी विद्यालयों में पेसलवीड, चिल्ड्रन्स एकेडमी, दून ब्लास्म स्कूल, दून स्कॉलर्स, संत कबीर एकेडमी, न्यू दून ब्लास्म, द हिमालयन पब्लिक स्कूल, कोर इंटरनेशनल, द दून युधिष्ठिर पब्लिक स्कूल शामिल रहे। निर्णायकों में डॉ.पूनम पाठक, डॉ.अनिता चौहान समेत विद्यालय की प्रबंधन निदेशिका पूजा पोखरियाल, सचिव सीमा सिंह, मोनिका शर्मा मौजूद रहे।



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की।

## एक नजर

### जॉर्ज एवरेस्ट से बैरियर न हटा तो उक्रांद ने दी आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने मसूरी के जार्ज एवरेस्ट में बैरियर लगाकर स्थानीय लोगों का रास्ता रोकने का विरोध किया है। पार्टी ने कहा कि शीघ्र बैरियर नहीं हटाया गया तो पार्टी आंदोलन करेगी। उक्रांद के केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में पार्टी की तथ्यान्वेषी टीम के सदस्य समीर मुंडेपी, मोहित डिमरी और लुशुन टोडरिया ने कहा कि वो 11 अक्टूबर को जॉर्ज एवरेस्ट में जांच के लिए गए थे। जॉर्ज एवरेस्ट पार्क एस्टेट का हिस्सा है, वहां राजस ऐरोस्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक केशव से मुलाकात और पर्यटन विभाग के साथ अनुबंध की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में एस्टेट में रह रहे लोगों से अवैध वसूली और रास्ता रोकने की शिकायत को जाना। कंपनी के अधिकारियों को चेताया कि किसी भी सूरत में स्थानीय निवासियों का रास्ता न रोका जाए। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्य मसूरी में स्थानीय मूल निवासियो के साथ उपजिलाधिकारी से भी मिले। उपजिलाधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया कि पार्क एस्टेट में रहने वाले निवासियों और दुकानदारों से एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। पार्टी ने चेतावनी दी कि स्थानीय लोगों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर केंद्रपाल तोपवाल, प्रमिला रावत, मीनाक्षी घिल्डियाल आदि मौजूद थे।

### टिहरी की रामलीला में पहली बार लेजर शो का प्रयोग

देहरादून। श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952 द्वारा अजबपुरकलां आजाद मैदान में रविवार से शुरू होने जा रही टिहरी की रामलीला में पहली बार लेजर शो भी होगा। दून विवि रोड स्थित टिहरी नगर में शारदीय नवरात्रों से 11 दिन के इस रामलीला मंचन का आगाज होने जा रहा है। जिसके लिए आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर ली है। टिहरी के जलमग्न होने के बाद 21 सालों के बाद पहली बार ये रामलीला हो रही है। जिसे लेकर लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। समिति अध्यक्ष अभिनव थापर ने बताया कि, लेजर शो के अलावा डिजीटल स्क्रीन, लाइव टेलीकास्ट व अन्य डिजीटल तकनीक का प्रयोग मंचन के दौरान होगा। आजादनगर में आयोजन की अंतिम तैयारियां परखने के लिए समिति की बैठक भी हुई। जिसमें सचिव अमित पंत, गिरीश पांडेय, नरेश कुमार, गिरीश पैन्यूली, बचेन्द्र पांडे, मनोज कुमार जोशी, मुनेन्द्र सेमवाल मौजूद रहे।

### इजराइल से एक और नागरिक की हुई वापसी

देहरादून। केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी का दौर जारी है। इसी क्रम में शनिवार को उत्तराखंड की एक और नागरिक सोभिका परमार को विशेष विमान से वापस नई दिल्ली पहुंचाया गया।

# शहर की सड़कों पर मशीन से पानी का छिड़काव, धूल मिट्टी से राहत




देहरादून। नगर निगम ने शहर की ऐसी सड़कें जहां विकास कार्यों के लिए खुदाई की वजह से लोगों को धूल मिट्टी का सामना करना पड़ रहा है, वहां वाटर स्प्रिंकलर मशीन से पानी का छिड़काव करवाना शुरू कर दिया है। काफी दिनों से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत खरीदी गई यह मशीन बंद पड़ी थी। जबकि धूल मिट्टी के गुबार उड़ने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दून शहर में ईसी रोड, न्यू रोड, चकराता रोड, सहस्त्रधारा रोड, हरिद्वार रोड, रायपुर रोड, डीएल रोड पर धूल के गुबार उड़ने के कारण वाहन चालकों, राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त मनुज गोयल के निर्देश पर शनिवार को हरिद्वार रोड, सहस्त्रधारा रोड और रिंग रोड पर वाटर स्प्रिंकलर मशीन से पानी का छिड़काव किया गया।

**कागजों पर ही दौड़ रहे कई सफाई वाहन**

नगर निगम के वार्डों में लोगों के घरों और सार्वजनिक जगहों से कूड़े का उठान करने के लिए हर महीने करोड़ों रुपये का बजट खर्च सफाई वाहनों के संचालन पर खर्च किया जा रहा है। बावजूद कई वाहन केवल कागजों पर ही दौड़ रहे हैं। सालावाला वार्ड से पार्षद भूपेंद्र कठैत ने नगर आयुक्त से मांग की है कि प्रत्येक सफाई वाहन की मॉनीटरिंग की जाए। ताकि कूड़ा समय पर और नियमित रूप से उठ सके।

## चोरी के चार स्कूटरों के साथ आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। प्रेमनगर पुलिस ने स्कूटर चोरी की चार घटनाओं में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के स्कूटर बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 14 सितंबर को शुभम लिम्बु पुत्र लाल सिंह बडोवाला देहरादून ने तहरीर दी थी कि सात सितंबर को उसका स्कूटर अज्ञात ने चोरी कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। सीसीटीवी कैंमरे खंगालते हुए पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध पाया। उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र राकेश कुमार गंगोली निवासी कांवली रोड इन्द्रेश नगर कोतवाली नगर देहरादून के रूप में हुई। उसके कब्जे से शुभम के स्कूटर के साथ तीन अन्य स्कूटर भी बरामद हुए।

# दून की सड़कों का हाल देखने निकली डीएम

देहरादून। डीएम सोनिका शनिवार को देहरादून शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने निकली। उन्होंने शहर में जगह–जगह सड़कों पर अतिक्रमण की स्थिति पर अफसरों को हिदायत दी। कहा कि सभी विभाग मिलकर अतिक्रमण चिन्हित करने के साथ इसे हटाने का काम करें और लगातार निगरानी रखें। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत घंटाघर, किशननगर चौक, दून स्कूल चौक, बिंदाल पुल, नटराज, गांधी रोड, प्रिंस चौक, हरिद्वार रोड, आराघर, ईसी रोड, सर्वे चौक, बहल चौक पर चल रहे कार्यों का डीएम सोनिका ने निरीक्षण किया। उन्होंने इन्वेस्टर समिट के चलते निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण, फुटपाथ निर्माण, बिजली लाइन अंडरग्रांड करने, झूलती तार ठीक करने, विद्युत पोल शिफ्टिंग को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों पर बॉटल नेक न बनने देने, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग को अतिक्रमण चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इन्वेस्टर समिट की तैयारियों को लेकर अफसरों की बैठक भी ली। इसमें जौलीग्रांट एयरपोर्ट से लेकर जोगीवाला–रिस्पना, रिस्पना से प्रिंस चौक, प्रिंस चौक से घंटाघर, दिलाराम चौक, निरंनपुर से एफआरआई, कैंट रोड पर जल्द काम पूरा करने के निर्देश अफसरों को दिए।

## मूल निवास को पुनः लागू करने, सख्त भू-कानून बनाने की मांग

टिहरी : बालगंगा सेवा निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक बेलेश्वर में संपन्न हुई। बैठक में समिति सदस्यों ने क्षेत्र की स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के साथ विधानसभा परिसीमन को जनसंख्या के बजाय भौगोलिक आधार पर करने, मूल निवास को पुनः लागू करने, सख्त भू-कानून बनाने के साथ पलायन पर रोक लगाने के लिए सरकार से जरुरी उपाय करने की मांग की।

शनिवार को घनसाली के बेलेश्वर में आयोजित वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानाचार्य चंदन सिंह पोखरियाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी वरिष्ठ नागरिकों ने पितृ पक्ष समापन पर पूर्वजों को द्वारा समाज में उनके द्वारा दिये गये योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। समिति सचिव उम्मेद सिंह चौहान ने विगत वर्ष में समिति द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। समिति सदस्यों ने सीएचसी बेलेश्वर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, इंटर कालेज चमियाला में स्थायी प्रधानाचार्य की नियुक्ति की भी मांग उठाई।

व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष गैणा सिंह पंवार ने नगर पंचायत में निर्माण कार्यों में हुई अनियमित्तताओं की जांच कराने की माग की। सदस्यों ने घनसाली थानाध्यक्ष राजेश बिष्ट से चमियाला बाजार में जाम की समस्या से निजात दिलाने और क्षेत्र दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की।

## शारदीय नवरात्र के लिए सजे देवी के मंदिर

चमोली : शारदीय नवरात्र के लिए देवी के मंदिर सज गए हैं। रविवार से शुरू हो रहे नवरात्र के लिए श्रद्धालु तैयारियों में जुटे हैं। जिसके लिए शनिवार को बाजारों में माता की चुनरी, कलश, माला, कुमकुम सहित अन्य पूजा की सामग्री खूब बिकी।कर्णप्रयाग के उमा देवी मंदिर, सिमली के चंडिका मंदिर, नौटी के नंदा देवी मंदिर, देवल के देवराड़ी देवी मंदिर, कनखुल कपीरी की जिठाईं देवी मंदिरों को शारदीय नवरात्र के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। इन मंदिरों में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु दूर-दूर से पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। कर्णप्रयाग के मंदिर समिति के अध्यक्ष रविंद्र पुजारी, सचिव कांति पुजारी आदि का कहना है कि नगर के पौराणिक उमा देवी मंदिर में बारह मास श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# राष्ट्र के विकास में ग्रामीण व पहाड़ी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान : स्वामी चिदानन्द सरस्वती



ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने गंगोत्री यात्रा के दौरान आज उत्तरकाशी में पहाड़ी महिलाओं से भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा युवा पीढ़ी का पहाड़ से हो रहे पलायन के विषय में चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास में ग्रामीण व पहाड़ी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी की महत्ता अद्भुत है। भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का नाम अर्द्धनारीश्वर है। हमारा पौराणिक इतिहास व समग्र समाज महिलाओं की पुरुषों के साथ बराबरी की भागीदारी की मान्यता, भावना एवं सिद्धांतों को मान्यता प्रदान करता है। पूजा, विधिविधान, अनुष्ठान आदि श्रेष्ठ कार्य के समय महिला को पुरुष के दाहिनी ओर बैठाने की परंपरा के पीछे भी महिलाओं को श्रेष्ठ कार्यों में प्राथमिकता देने का चिंतन निहित है। हम नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन करते हैं अर्थात हमारा इतिहास समग्र विकास में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी की आवश्यकताओं पर बल देता हैं।भारत को गाँवों का देश माना जाता है। अतः भारत के समग्र विकास हेतु आवश्यक है कि गाँवों व ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं का भी विकास हो।

# कोठली स्कूल को फिर से उत्तराखंड बोर्ड में शामिल किया जाए

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड के दूरस्थ राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय कोठली में शनिवार को पीटीए, एसएमसी एवं जनप्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड से हटकर उत्तराखंड बोर्ड से संबद्ध करने का निर्णय लिया गया। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी खुशाल सिंह टोलिया की अध्यक्षता में राजकीय अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कोठली में पीटीए, एसएमसी जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड से हटकर उत्तराखंड बोर्ड से संबद्ध किया जाए एवं बताया कि सरकार के द्वारा विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध कर दिया गया था लेकिन संसाधनों के अभाव में शिक्षण कार्य करने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध किए जाने के बाद महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों ने अपना तबादला कर दिया था, जबकि विद्यालय को एक भी शिक्षक प्राप्त नहीं हुआ एवं सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध किए जाने के बाद अधिकतर छात्र अनुतीर्ण हुए हैं जिससे कि ड्रॉप आउट की समस्या उत्पन्न हो गई है वहीं सीबीएसई से संबद्ध होने के बाद छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक रूप से शिक्षण कार्य का दबाव रहता है जिस कारण छात्र–छात्राओं को भारी परेशानी हो रही है वहीं बैठक में बताया गया है कि विद्यालय विकासखंड से अति दुरुस्त होने के कारण शिक्षकों का अभाव बना हुआ है और 14 वर्षों से विद्यालय में स्थाई प्रधानाचार्य भी नहीं है एवं सीबीएसई के मानकों के अनुसार विद्यालय में संसाधनों का अभाव बना हुआ है ।

## शहीद राज्य आंदोलनकारियों को पितृ विसर्जन पर किया याद

देहरादून। उत्तराखंड राज्य निर्माण में ज्ञात अज्ञात शहीदों की पुण्य स्मृति में श्राद्ध पर्व के अंतिम दिन श्रद्धा स्मरण दिवस का आयोजन शहीद स्मारक कचहरी परिसर में किया गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मोर्चा द्वारा आयोजित पितृ विसर्जन कार्यक्रम तर्पण एवं भावांजलि के तहत पितृ आत्माओं की शांति व मोक्ष प्राप्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। विनोद असवाल ने सरकार से मांग की कि शासन स्तर पर प्रतिवर्ष पितृ अमावस्या पर शहीदों की आत्मशांति के निमित कार्यक्रम आयोजित हों।

# विधायकों पर विकास के बजाय कमीशन की सोच हावी : खंडूड़ी

देहरादून। कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी ने कहा है कि गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा के मोर्चे पर बदहाल है। यहां के ज्यादातर विधायकों पर विकास के बजाय कमीशन की सोच हावी है। शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वाता में मनीष खंडूडी ने कहा कि उन्होंने बीते सप्ताह गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में लोग सरकार से निराश मिले। पौड़ी में पीपीपी मोड पर दिया गया अस्पताल और बदहाल हो गया है, लैंसडौन और श्रीनगर विधानसभा में सड़कों की बुरी स्थिति है, देवप्रयाग विधानसभा में बिजली– पानी का संकट है तो कोटद्वार के लोग लालढांग – चिल्लर खाल मार्ग न बनने से हताश है, वहीं यमकेश्वर में आपदा पीड़ितों को सरकार मदद पहुंचाने में नाकाम रही है। खंडूडी ने कहा कि गढ़वाल के ज्यादातर विधायकों के पास विकास को लेकर कोई विजन नहीं है, उन पर कमीशन के लिए खडंजा, सीसी मार्ग बनाने की सोच हावी है।

## 26 लाख की स्मैक के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को 260 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत 26 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम के लिए ड्रग फ्री देवभूमि अभियान चल रहा है। इस क्रम में सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे, प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरुप के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम शुक्रवार को ऊधमसिंहनगर के थाना पुलभट्टा में अभियान चलाया गया। इस दौरान नदेली रोड से दो अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को एक बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से स्मैक बरामद हुई।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया






ऋषिकेश। विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के द्वारा सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल, पशुलोक, ऋषिकेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी राम हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग से विषय विशेषज्ञा के रूप में डा. ग्रेस सिंह को आमंत्रित किया गया। उन्होंने भारत में मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति, मानसिक अस्वस्थता के कारण, मौलिक अधिकार, मानसिक अस्वस्थता से जुड़ी भ्रांतियां व उनके दुष्प्रभाव, मानसिक रोगियों से भेदभाव, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाएं, मानसिक रोगियों के लिए समाज व संस्कृति की भूमिका आदि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर विद्यार्थियों के प्रश्नों के भी उत्तर दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती विमला रावत जी ने भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता के महत्व प्रति जागरूक विद्यार्थियों को जागरूक किया। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरी ओम शर्मा ज्ञानी ने साझा किया की संस्था ने गंगा के आसपास समाज, क्षेत्र व देशहित में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को ' गंग सबला' अवार्ड से सम्मानित करने का निर्णय लिया है इसी कड़ी में ये प्रथम अवार्ड डा ग्रेस सिंह (समुदायों व युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता) व श्रीमती विमला रावत जी (शिक्षा व महिला सशक्तिकरण) में इनके निःस्वार्थ व उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया ।

# गोखले मार्ग से पुलिस ने खदेड़े अतिक्रमणकारी, काटे चालान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गोखले मार्ग में फैले रहेड़ी-ठेली व फड वालों के अतक्रिमण को लेकर पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शनिवार को पुलिस टीम ने मार्ग में पहुंचकर 15 अतिक्रमणकारियों के चालान काटे। इस दौरान रेहड़ी-ठेली व फड वालों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई।

शनिवार को अतिक्रमण हटाने गोखले मार्ग में पहुंची पुलिस टीम को देख अतिक्रमणकारियों में अफरा-तरफरी मच गई। रेहड़ी-ठेली व फड वाले अपना सामान लेकर इधर-उधर भागने लगे। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयपाल चौहान ने बताया कि एसएसपी श्वेता चौबे के दिशा-निर्देशन में पुलिस टीम ने गोखले मार्ग में शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। जिसमें रेहड़ी, फड़ लगाने वाले 15 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

\कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण के कारण गोखले मार्ग पर व्यवस्थाएं बदहाल हो रही है।

ऐसे में व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान समय-समय पर चलाया जाएगा। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक संजय रावत समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



कोटद्वार के गोखले मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस

## पुलिस के जाते ही सजी दुकानें

अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद जैसे ही पुलिस टीम गोखले मार्ग से बाहर निकली मार्ग पर दोबारा अतिक्रणकारियों ने कब्जा कर दिया। ऐसे में आमजन पुलिस की इस कार्यप्रणाली को केवल खानापूर्ति ही बता रही थी। अतिक्रमण के कारण लोगों का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। वहीं, नगर निगम की ओर से गोखले मार्ग में पक्का निर्माण करने वाले अतिक्रमणकारियों को भी 15 दिन का समय दिया गया है।

## लिखित परीक्षा के माध्यम से हो भर्ती

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति भर्ती परीक्षा के माध्यम से करने की मांग की है।

इस संबध में संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति भर्ती परीक्षा से न किए जाने के कारण प्रदेश के नेट, सेट व पीएचडी पास युवाओं को मौका नहीं मिल पा रहा है और वे खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। मौके पर यू सेट की विज्ञप्ति जारी नहीं होने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा गया कि यू सेट की विज्ञप्ति प्रदेश में लगभग छह महीने पहले जारी की गई थी। इसलिए विज्ञप्ति जारी की जानी चाहिए। बैठक में डा. अजय खंतवाल, स्वाति कंडवाल, भारत रावत, मोहित ठाकुर, शिवानी नेगी, नितेश रावत और नीरज कुमार सहित संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## राइंका चाकीसैंण में फिर से यूके बोर्ड लागू किया जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : अटल उत्कृष्ट एनएसपीएसनेगी एमसी राइंका चाकीसैंण में शिक्षक अभिभावक समिति व विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से स्कूल में फिर से उत्तराखंड बोर्ड लागू करने की मांग उठाई गई। स्कूल की प्रधानाचार्य रजनी बाला ने बताया कि खंड शिक्षाधिकारी थलीसैंण द्वारा नामित प्रतिनिधि राइंका चौरा के प्रधानाचार्य राम सिंह चौहान, शिक्षक अभिभावक समिति अध्यक्ष कुंदन सिंह, पूर्व शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भंडारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुनीता देवी, दौलत राम पोखरियाल, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्कूल में फिर से उत्तराखंड बोर्ड लागू किया जाए।

## शिविर में 66 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



आयोजित शिविर में रक्तदान करती छात्रा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इन्सटीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट एण्ड सांईन्सेस (आईएचएमएस) की ओर से रक्तदान शिविरि का आयोजन किया गया। जिसमें 66 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी सोहन सैनी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों व कर्मचारियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। बेस अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. हरेंद्र ने कहा कि रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक बीएस नेगी ने रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (शिक्षण) सुनील कुमार ने कहा कि संस्थान के द्वारा प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का इसी तरह का आयोजन किया जाता है। संस्थान भविष्य में इसी तरह के जनहित के कार्यों में भी प्रतिभाग करता रहेगा। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, आदि उपस्थित रहे।

# सौंदर्यीकरण में लाखों खर्च, बिगाड़ रहे मालवीय उद्यान पार्क की सूरत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : जिस मालवीय उद्यान के सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम ने लाखों रुपये खर्च किए अब नगर निगम उसकी सूरत बिगाड़ रहा है। हालत यह है कि पार्क के प्रवेश द्वार के समीप लोहे का कबाड़ एकत्रित किया गया है। ऐसे में लगातार पार्क की सूरत बिगड़ती जा रही है। जबकि, नगर निगम ने कुछ माह पूर्व लाखों की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण करवाया था।

बच्चों व बुजुर्गों के साथ ही आमजन के लिए नगर निगम परिसर के समीप पार्क बनाया गया है। कुछ माह पूर्व नगर निगम ने करीब डेढ़ लाख की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण किया था। पार्क के सौंदर्यीकरण के बाद आसपास के बुजुर्ग व बच्चें शाम के समय यहां टहलने व खेलने के लिए भी पहुंचते थे। लेकिन, वर्तमान में नगर निगम ने पार्क को बदहाल कर दिया है। पार्क में एकत्रित कबाड़ से बच्चों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पार्क में एकत्रित कबाड़ को हटाने के लिए कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। यही नहीं नगर निगम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने रामलीला पार्क को भी अपने भारी वाहनों की पार्किंग बना दिया है।



नगर निगम की ओर से मालवीय उद्यान पार्क के प्रवेश द्वार में रखा गया कबाड़

## शहर के बीच स्थित पार्क को कबाड़खाने में तब्दील कर रहा नगर निगम

## रामलीला का मंचन आज से

**पौड़ी** : रविवार से शहर में रामलीला का 123वां मंचन शुरू हो जाएगा। श्री रामलीला मंचन एवं सांस्कृतिक समिति ने रामलीला मंचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शहर में होने वाली रामलीला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार से रामलीला का 123वां मंचन शुरू हो जाएगा। समिति इन दिनों कलाकारों को तालीम देना में जुटा हुआ है। समिति के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने बताया कि रामलीला को अभिनव प्रयोगों के माध्यम से और अधिक आकर्षक बनाए जाने के लिए रामकथा के प्रेरक प्रसंगों की पौराणिकता के साथ सार्थकता भी बनी रहे। शहर की रामलीला की खास बात यह है कि यहां महिलाओं का किरदार महिलाएं ही निभाती है। बताया कि रविवार को पहले दिन झांकी वंदना, कैलाश पर्वत पर महादेव पार्वती संवाद, रावण दरबार, शुक्राचार्य का दुरोपदेश, रावण के दूतों द्वारा ऋषियों से कर लेना, देवगण स्तुति, आकाशवाणी, रावत दूत संवाद, अयोध्या में राजा दशरथ की सभा, सुमंत दशरथ वार्तालाप, पुत्रेष्ठी यज्ञ, राम जन्म का मंचन होगा।

# रामलीला का दूसरा दिन: रावण की तपस्या से खुश हुए ब्रह्मदेव

**कोटद्वार** : श्री रामलीला कमेटी दुगड्डा की ओर से आयोजित रामलीला के द्वितीय दिवस पर रावण तप लीला का मंचन किया गया। द्वितीय दिवस की रामलीला का आरंभ लीला के कार्यकारिणी सदस्यों व कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

द्वितीय दिवस में रावण, कुंभकर्ण, विभीषण तपस्या, तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा द्वारा उन्हें मनचाहा वर देना, रावण द्वारा सभी देवताओं को बंदी बनाना, मुनि नारद द्वारा रावण को कैलाश पर्वत उठाने के लिए कहना, रावण का पर्वत उठाने में असफल रहना, रावण का भोले महाराज की तपस्या करना और तपस्या से प्रसन्न होकर भोले महाराज का रावण को खड्ग प्रदान करना, रावण द्वारा ऋषियों के रक्त को कर के रूप में लेना और रक्त से भरे घड़े को राजा जनक के राज्य की सीमा पर गाढ़ना व घड़े से आकाशवाणी होना कि मैं राक्षसों के नाश का कारण बनूंगी, तक की लीला का मंचन किया गया। लीला संचालन में नितेश ठाकुर, बबली बिष्ट, संजीव कोटनाला, राहुल जैन, प्रदीप बडोला, नरेंद्र शहनाई आज्ञैर अनूप गुप्ता ने भी सहयोग प्रदान किया।



दुगड्डा में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

## स्कूल का बोर्ड सीबीएससी यथावत रखने का लिया निर्णय

**पौड़ी** : राजकीय इंटर कालेज बिलखेत में खंड शिक्षाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अभिभावक संघ की बैठक में स्कूल सीबीएससी बोर्ड को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रधानाचार्य की नियुक्ति करने की भी की मांग की गई। जिससे कि पठन पाठन सुचारू रूप से चल सके।

अटल उत्कृष्ट स्कूलों में सीबीएससी और उत्तराखंड बोर्ड को लेकर इन दिनों आम राय को लेकर बैठकों का आयोजन हो रहा है। राइंका बिलखेत में इस संबंध में बीईओ संजय कुमार ने अभिभावकों व शिक्षकों से रायशुमारी की। बैठक में स्कूल में सीबीएससी बोर्ड को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इस बाबत बीईओ कल्जीखाल को मांग पत्र भी दिया। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 में स्कूल को सीबीएससी बोर्ड की मान्यता दी गई थी। अपने पहले सत्र में परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। साथ ही छात्र संख्या में भी वृद्धि हुई। ऐसे में विद्यालय में पहले की तरह सीबीएससी का ही पैटर्न लागू रखा जाए। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार घिल्डियाल, सीबीएससी समन्वयक धर्मेंद्र सिंह नेगी, पीटीए अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, पुष्पा देवी, मल्लिकराज आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान ड्रामा में अउराइका देवीखेत ने मारी बाजी

## विज्ञान महोत्सव में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली में विकासखंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। विज्ञान महोत्सव दो वर्गो में आयोजित हुआ। जूनियर तथा सीनियर वर्ग व विज्ञान ड्रामा। इस अवसर पर विकासखण्ड के जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेज के बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान ड्रामा में अ.उ.राजकीय इंटर कॉलेज देवीखेत प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली द्वितीय एवं राजकीय इंटर कालेज चाक्यूसैंण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महोत्सव का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारीखाल डॉ. सुरेन्द्र सिंह नेगी, प्रधानाचार्य हेमचंद्र केष्टवाल व प्रधानाध्यापिका श्रीमती उमा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। ब्लाक प्रमुख ने बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर तात्कालिक समस्याओं का निराकरण करने का आह्वान किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने गांव-गांव में बच्चों को वैज्ञानिक गतिविधियों के द्वारा अपने क्षेत्र की समस्या को हल करने का आह्वान किया। जूनियर वर्ग विज्ञान प्रदर्शनी स्वास्थ्य में रिया (राउप्रावि जुयाल गांव) प्रथम, रोहित सिंह (राइंकॉ सतपुली) द्वितीय, संदीप चौहान (राइंकॉ किनसुर) तृतीय, पर्यावरण के लिए जीवन शैली आयुष नेगी (राउप्रावि विद्यालय गुमखाल) प्रथम, पीयूष कुमार (राइंकॉ सतपुली) द्वितीय, रुद्र रावत (इंटर कॉलेज पाली लंगूर) तृतीय, कृषि में तनुष्का चंद्रा (राउप्रावि बमोली) प्रथम, मयंक (राइंकॉ सतपुली) द्वितीय, सक्षम जुयाल (राउप्रावि हिलोगी) तृतीय, संचार एवं परिवहन में अनुज (इंटर कॉलेज देवीखाल भंयासू) प्रथम, साक्षी (राइंकॉ चाक्यूसैंण) द्वितीय, पायल (राइंकॉ किनसुर) तृतीय, संगणात्मक चिंतन में नव्या रावत (राउप्रावि लंगूरी) प्रथम, साक्षी रावत (राइंकॉ किनसुर) द्वितीय, दीपांशु (राइंकॉ सतपुली) तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग स्वास्थ्य में पलक (राइंकॉ चाक्यूसैंण) प्रथम, सौरभ (राइंकॉ किनसुर) द्वितीय, प्रियांशी रावत (राइंकॉ द्वारीखाल) तृतीय, पर्यावरण के लिए जीवन शैली में आदिती भंडारी (राइंकॉ चाक्यूसैंण) प्रथम, सोनिया (राउप्रावि पुल्यासु) द्वितीय, तमन्ना (राइंकॉ सतपुली) तृतीय, कृषि में नैंसी (राइंकॉ कीर्तिखाल) प्रथम, वर्षा (राइंकॉ पाली लंगूर) द्वितीय, शिवांशु डोबरियाल (राउप्रावि बुरांसी) तृतीय, संचार एवं परिवहन में कार्तिकेय इष्टवाल (राइंकॉ सतपुली) प्रथम, खुशी (राइंकॉ चाक्यूसैंण) द्वितीय, हितेश (राइंकॉ किनसुर) तृतीय, संगणात्मक चिंतन में सोहम डबराल (राइंकॉ देवीखेत) प्रथम, प्रियुष धस्माना (राइंकॉ सतपुली) द्वितीय, अमन भट्ट (राइंकॉ किनसुर) तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर राइंकॉ सतपुली के प्रधानाचार्य हेमचंद्र केष्टवाल, ब्लॉक विज्ञान समन्वयक महेंद्र सिंह राणा (राइंकॉ किनसुर) व सह समन्वयक रश्मि रावत (अ.उ. राइंकॉ चैलूसैंण), दया किशोर बिंजोला, गब्बर सिंह बिष्ट, विनय रावत, जयपाल दत्त शर्मा, पवन कुमार, मोनिका नेगी, पूजा मित्तल, प्रतिमा रावत, ज्योति मित्तल, मुकेश प्रसाद, नवीन चन्द्र डोभाल, आरती शर्मा आदि मौजूद थे।



बाल वैज्ञानिक को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

## शारदीय नवरात्र आज से, सजे देवी मंदिर

**श्रीनगर गढ़वाल** : शारदीय नवरात्रि-2023 का शुभारंभ 15 अक्टूबर रविवार से हो रहा है। नवरात्रि को लेकर बाजार भी सज गए हैं। श्रीनगर और आस-पास के क्षेत्र में नवरात्र के लिए देवी मंदिर सज गए हैं। यहां धारी देवी मंदिर, देवलगढ़ स्थित श्री राजराजेश्वरी मंदिर, गौरा देवी मंदिर, श्रीनगर स्थित कंसमर्दिनी मंदिर व मां बगलामुखी मंदिर में नवरात्र पर विशेष तैयारियां की गई हैं। धारी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से भी तैयारियां की गई हैं। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह बना हुआ है। देवलगढ़ राजराजेश्वर मंदिर एवं बगलामुखी मंदिर के मुख्य पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि नवरात्र पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की जाएंगी। (एजेंसी)

## मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना 16 को

**पौड़ी** : राजकीय शिक्षक संघ 16 अक्तूबर को विभिन्न मांगों को लेकर धरना देगा। संघ के जिलाध्यक्ष भवान सिंह नेगी ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजकीय शिक्षक संघ का चरणबद्ध आंदोलन गतिमान है। दो चरणों के सफल आयोजन के बाद तीसरे चरण के तहत 16 अक्तूबर को जिला मुख्यालयो में धरना प्रदर्शन किया जाना है। सभी पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन में आने की अपील की है।

## टीटी में आराध्य, वैभवी, काजल, पवन व दीपक ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिला खेल कार्यालय में ओपन बालक-बालिका और अंडर-15 बालक, बालिकाओं की टीटी प्रतियोगिता का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम कंडोलिया के टीटी हॉल में कराया गया। अंडर-15 बालक एकल वर्ग में आराध्य, बालिका एकल वर्ग में वैभवी, ओपन बालक एकल वर्ग में पवन थापा, ओपन बालिका एकल वर्ग में काजल, ओपन बालिका युगल वर्ग में काजल प्रथम स्थान पर रही।

अंडर-15 बालक एकल वर्ग में आराध्य पहले, अभिनव दूसरे अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में वैभवी पहले, अंशिका दूसरे स्थान पर रहे। ओपन बालक एकल वर्ग में पवन थापा पहले, अनन्त दूसरे स्थान पर रहे। ओपन बालिका एकल वर्ग में काजल पहले, पावनी दूसरे स्थान पर रहे। अंडर 15 बालक युगल वर्ग में अराध्य एवं आयुष पहले, अभिनव व वैभव दूसरे स्थान पर अंडर-15 बालिका युगल वर्ग में वैभवी व अंशिका पहले स्थान पर रहे। ओपन बालक युगल वर्ग में पवन थापा व दीपक ने पहला, आदित्य व अनन्त दूसरे स्थान पर रहे। ओपन बालिका युगल वर्ग में काजल व वैभवी पहले, पावनी व तपोषी दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसपाल सिंह नेगी, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर निर्णायक नीतू पंत, भगवती प्रसाद गौड़, दीपक चंद्र जोशी आदि शामिल रहे।

# अनुशासन ही लक्ष्य को पाने का मूल मंत्र : पंवार

जयन्त प्रतिनिधि

**थलीसैंण** : अनुशासन ही व्यक्ति के जीवन के लक्ष्य को पूरा करने का मूल मंत्र है एक खिलाड़ी सामान्य जन से अलग इसलिए होता है, क्योंकि एक बेहतर खिलाड़ी अनुशासन से ही बनता है, विद्यार्थी जीवन में ही छात्र अपने भविष्य की नींव रखकर उस उद्देश्य को पूरा करने की ओर काम करता है।

उक्त वाक्य देवराड़ीखाल बूंगीधार थलीसैंण मैदान में आयोजित 73वीं ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण विवेक पंवार ने कहीं। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा में ब्लॉक का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी ज्योति को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह रावत ने ब्लॉक प्रमुख मंजू रावत की ओर से ब्लॉक के खिलाड़ियों के लिए अभिलंब सौ ट्रैकसूट देने की घोषणा की। वहीं मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन जोशी ने सभी एथलीटों को भोजन व्यवस्था कराने की घोषणा की। इससे पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा मंडल अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज डडोली की बैंड टीम ने ब्लॉक की सभी टीमों के साथ मिलकर मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। राइका बूर्गीधार के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जबकि कठूड़खाल के छात्रों ने योगासन कर सबका मन मोहा। इस मौके पर सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य देवी प्रसाद ढौडियाल, रा.इ.का. कठूड़खाल प्रधानाचार्य रजनी कुकरेती, सी.आर.सी. समन्वयक रणजीत बिष्ट, डॉ. रविकांत, गजपाल सिंह, मनोज कुमार, त्रिलोक चौहान, पंकज कोहली, हरीशचंद्र, कुंवर पाल, भरत सिंह, संपूर्णा प्रसाद, नरेंद्र आर्य, प्रदीप सिंह, रंजना बड़थ्वाल, यशांकी पटवाल, माधुरी रमोला, प्रभा राय, ममता रावत, किरण वाला, संजीव मोहन, सुरेंद्र राणा, जीवन पंवार, मनोज सेमवाल, संजय बिष्ट आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी रोहित चौधरी व सहक्रीड़ा प्रभारी सतीश कंडारी ने संयुक्त रूप से किया।



## वीरचंद सिंह गढ़वाली राइंका मासौ रहा ओवर ऑल चैंपियन

**थलीसैंण** : सब जूनियर बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में करण कंडारी प्रथम0 हिमांशु जोशी द्वितीय व गौरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में रवीना प्रथम, रेखा द्वितीय, करिश्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में निकिता, सुहाना राणा, करिश्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रही। वहीं जूनियर वर्ग 3000 मीटर दौड़ बालक बालिका में क्रमशः परवेन्द्र, सौरभ, विकास, दीपा, यशोदा, राखी ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में बालक व बालिका वर्ग में अनिल सिंह, अरविंद सिंह, पवन सिंह, मीना, दीपा, चंदा चक्का फेंक स्पर्धा सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग में गौरव कुमार, समीर कुमार, राहुल नेगी, निकिता, दामिनी, ज्योति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग त्रिकूद प्रतियोगिता बालक व बालिका वर्ग में विजय सिंह, संतोष कुमार, सुरेंद्र सिंह, ज्योति, रवीना, दीपा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियनशिप वीरचंद सिंह गढ़वाली राजकीय इंटर कॉलेज मासौ ने प्राप्त की।

# विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा द्वारा विकसित मडुवा–मादिरा थ्रेसर का हुआ प्रदर्शन एवं वितरण



अल्मोड़ा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उत्तर पूर्वी हिमालय (एनईएच) कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय कदन्न (श्री अन्न) वर्ष 2023 को मनाने के उद्देश्य से विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र तवांग के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र, तवांग में मडुवा–मादिरा थ्रेसर का प्रदर्शन एवं वितरण कार्यक्रम तथा कृषक–वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लेटिंग, बुरी, जिप्सू, खारटेंग, किटपी, लुम्सांग, नामित, शक्ति और शेरनुप गांवों के 20 कृषकों ने भाग लिया। तवांग के उपायुक्त के. दरांग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कान्त ने जिले में मडुवा का बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा की गई पहल, विशेष रूप से जल्दी पकने वाली व उच्च उपज प्रजाति वीएल मडुवा 376 के सफल अंगीकरण तथा कृषक सहभागिता से बीज उत्पादन हेतु संस्थान के प्रयास की जानकारी दी। उन्होंने मडुवा की पारम्परिक थ्रेशिंग प्रणाली की कमियों पर प्रकाश डालते हुए कठिन श्रम व समय की बचत के सन्दर्भ में वीएल मडुवा–मादिरा थ्रेसर कम पर्लर के लाभ बताये।

## 12.10 स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

चम्पावत। थाना पुलिस और एसओजी की टीम ने एक युवक को 12.10 ग्राम स्मैक साथ गिरफ्तार किया है। जनपद चम्पावत पुलिस नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि पुलिस और एसओजी टीम ने डिग्री कॉलेज के पास रायनगर चौड़ी तिराहे पर विजय राय (28) निवासी रायनगर चौड़ी के कब्जे से 12.10 ग्राम स्मैक बरामद कर गिरफ्तार किया। आरोपित खिलाफ धारा 8/18/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया आरोपित नानकमत्ता से स्मैक लाकर क्षेत्र में उंचे दामों में बेच रहा था। मामले कि विवेचना एसआई हेमंत कठैत कर रहे हैं।

# ससुरालियों ने विवाहिता से की मारपीट, पति ने दिया तीन तलाक



काशीपुर। विवाहिता ने ससुरलियों पर दहेज के लिए मारपीट करने तथा पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कुंडा थाना क्षेत्र के गांव कुंडा निवासी राबिया परवीन पुत्री भूरा ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि उसकी शादी 15 मई 2020 को आसिफ पुत्र अयूब निवासी कुंडा के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति आसिफ, ससुर अयूब, सास रहीसा, नंद आशिया, नरगिस और जैनब खुश नहीं थे। वह दहेज के लिए उसको शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2021 में उसे ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद पंचायत में समझौते के बाद वह दोबारा अपने ससुराल में रहने लगी। आरोप है कि 11 अक्तूबर की सुबह उसकी ननद आशिया, नरगिस और जैनब ने उसके कमरे में ताला लगा दिया। इसके बाद पति, ससुर अयूब, सास रईसा, देवर अजीम ने गाली गलौज कर मारना पीटना शुरू कर दिया और उस पर तलवार से भी हमला किया। इससे वह घायल हो गई। इसके बाद ससुराल वाले मरा समझकर वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में उसने अपने भाई और मां को सारी घटना बताई।

# हिमालयी वानिकी मुद्दों पर अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का हुआ समापन

अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा में अक्टूबर 09 से चल रहे भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों के लिए हिमालयी पारिस्थितिकी और इकोटूरिज्म से संबंधित वानिकी मुद्दों पर अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों पर पर्यावरण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। पांच दिनों तक चले इस कार्यक्रम में हिमालयी वन पारिस्थितिकी, वन संरक्षण और प्रबंधन, वन नीति और शासन, सामुदायिक जुड़ाव और आजीविका, इकोटूरिज्म और टिकाऊ प्रथाओं, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और लचीलापन, जैवसंसाधन, टिकाऊ उपयोग और पहुंच और लाभ साझाकरण सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल की गई। प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन अधिकारियों को वन संरक्षण, हिमालयी पारिस्थितिकी और पारिस्थितिक पर्यटन के बीच संबंधों की गहरी समझ को बढ़ावा देकर क्षेत्र को प्रभावित करने वाली वानिकी समस्याओं के समाधान के लिए सूचित कार्रवाई करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सातवें सत्र का विषय 'पालिसी इश्यूज विद स्पेशल रिफरेन्स टू फॉरेस्ट्री इन द हिमालया' था। इस सत्र में आई.सी.आई.एम.ओ.डी. नेपाल के पूर्व डी.डी.जी. डॉ. एकलब्य शर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आई. डी. पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में वन अधिकारियों को एक पहचान दिलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वन अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर किये जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

## हंस फाउंडेशन ने फर्नीचर, मंत्री ने दीं अलमारियां

रुद्रपुर। राजकीय महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के बैठने के लिए हंस फाउंडेशन ने फर्नीचर भेंट किया है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दस हजार किताबें और 37 अलमारियां कॉलेज को विधायक निधि से दी हैं। शनिवार को प्राचार्य प्रो. सुभाष वर्मा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से भोलेजी महाराज एवं मंगला माताजी ने अपने हंस फाउंडेशन के जरिये छात्र–छात्राओं के बैठने व पढ़ने के लिए 25 बड़ी मेज और सौ कुर्सियां महाविद्यालय को भेंट कीं। चीफ प्रॉक्टर डॉ. राजविंदर कौर, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एमसी आर्या एवं छात्र–छात्राओं ने मंत्री बहुगुणा व हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# विधिक सेवा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जनपद अल्मोड़ा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सेवा रथ द्वारा अल्मोड़ा जिले में तीन दिवसीय जागरूकता शिविर व प्रचार प्रसारों के लिए जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा कौशल किशोर शुक्ला के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा शचि शर्मा के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलेंटियर भावना तिवारी व नीता नेगी द्वारा हरी झंडी दिखाकर विधिक सेवा रथ का अल्मोड़ा जिले में राजा आनन्द सिंह बालिका इंटर कॉलेज अल्मोड़ा चौराहे से शुभारम्भ किया गया व विद्यार्थियों की जागरूकता हेतु विधिक सेवा रथ से विधिक जागरूकता, लोक अदालत से संबंधित वीडियो दिखाई गई तथा पांडेखोला, स्यालीधार, कोसी बाजार, कठपुडिया, द्वारसों, मजखाली, गनियाद्योली में आमजन मानस को विधिक जागरूकता के विषय में जानकारी दी व ताड़ीखेत नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूकता हेतु विधिक सेवा रथ से विधिक जागरूकता, लोक अदालत से संबंधित वीडियो दिखाई गई। विधिक सेवा रथ में प्रथम दिवस पराविधिक स्वयंसेवक भावना तिवारी, नीता नेगी, हेमा लोहनी,कांस्टेबल अरविन्द कुमार व कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# अवैध रुप से शराब पिलाने और बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार



अल्मोड़ा। फास्ट फूड की दुकान में अवैध रुप से शराब पिलाने और बेचने पर दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जनपद के एसएसपी राम चन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने हेतु सभी थाना, चौकी प्रभारियों को नियमित रुप से चैंकिग अभियान चलाकर नशा तस्करों व होटल, ढाबों, रेस्टोरेण्टों व दुकानों में शराब पिलाने एवं बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में शुक्रवार को भतरौजखान पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान बासोट बाजार, भतरौजखान में कुबेर सिंह को अपने फास्ट फूड की दुकान में अवैध रुप से शराब पिलाने व बेचने पर गिरफ्तार किया गया। दुकान से 02 बोतल,12 पव्वे देशी शराब व शराब पिलाने में प्रयुक्त गिलास और खाली अद्धे/पव्वे बरामद हुए।

भतरौजखान में आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गंगा राम गोला प्रभारी चौकी भिकियासैंण, हैड कांस्टेबल महेन्द्र बिष्ट, हैड कांस्टेबल शादाब खान, कांस्टेबल सुरेश कोरंगा शामिल रहे।

## कपकोट में बस स्टेशन का जल्द होगा निर्माण

बागेश्वर। कपकोट क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से रुकी बस स्टेशन की मांग जल्द पूरी होने वाली है। सरकार ने बस स्टेशन निर्माण के लिए चार करोड़, 41 लाख, 76 हजार की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इतना ही नहीं पहली किस्त के रूप में एक करोड़, 77 लाख की धनराशि भी अवमुक्त हो गई है। जल्द बस स्टेशन का निर्माण होगा। मालूम हो कि कपकोट केलोग लंबे समय से बस अड्डे की मांग कर रहे थे। स्टेशन नहीं होने से वहां समय पर न तो रोडवेज बस आ रही है और न ही केमू। इससे लोगों को महंगे दामों पर टैक्सी की सवारी करनी पड़ रही है।

# हड़ताल के चलते सस्ता गल्ला राशन की दुकानों में राशन वितरण ठप

अल्मोड़ा। हड़ताल के चलते सस्ता गल्ला राशन की दुकानों में राशन वितरण बंद है। सस्ता गल्ला विक्रेता लंबित बिलों का भुगतान न होने के कारण नाराज हैं, जिस कारण वह हड़ताल पर डटे हैं। हड़ताल के चलते सस्ता गल्ला राशन की दुकानों में राशन वितरण बंद है।

इससे उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सस्ता गल्ला विक्रेताओं के अनुसार, लंबित बिलों का भुगतान न होने से वह आर्थिक समस्या का सामना कर रहे हैं। नवरात्रि का त्यौहार नजदीक आ गया है, लेकिन अभी तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। इससे त्योहारी सीजन में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

विदित हो कि सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की नगर पंचायत सभागार द्वाराहाट में हुई बैठक में वक्ताओं ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत बांटे गए राशन के बिलों का भुगतान न होने पर नाराजगी जताई है, उन्होंने पूर्ति निरीक्षक आलोक गंगोला को इस संबंध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा है कि जब तक आंगनबाड़ी को वितरित किए जाने वाले राशन का अग्रिम भुगतान विक्रेताओं को नहीं होता है, तब तक कोई भी विक्रेता राशन का वितरण नहीं करेगा।

ऐसी स्थिति में विक्रेता अक्टूबर माह के बाद का खाद्यान्न नहीं उठाएंगे।

# 16 अक्टूबर के धरा प्रदर्शन के लिए कांग्रेसजनों का सौंपी जिम्मेदारी



रुद्रपुर। कांग्रेस की बैठक में धान खरीद में किसानों के साथ लूट किये जाने का आरोप लगाते हुए 16 अक्टूबर को आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण बिष्ट ने कहा कि जनपद में किसानों के साथ खुली लूट हो रही है। किसानों का धान औने–पौने दामों पर बिक गया है। सरकार के एक अक्टूबर से धान खरीद के दावे हवाई साबित हुए। वक्ताओं ने कहा कि 16 अक्टूबर को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत जनपद के कांग्रेस विधायक भी सम्मलित होंगे। वक्ताओं ने कहा कि किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष के लिए रणनीति तयकर रही है। कांग्रेस नेताओं को कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक किसानों की भागदीरी सुनिश्चित करने को कहा। यहां पूर्व प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष हरपाल सिंह, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, बिपिन खोलिया, राजकुमार कोहली, मुगनी अहमद मौजूद रहे।

## हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

रुद्रपुर। हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो 15 से 18 अक्तूबर तक चलेगा। उसमें उत्तराखंड, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्कूल प्रतिभाग करेंगे। टूर्नामेंट का शुभारंभ सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर डॉ. रणवीर सिंह करेंगे। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक जितेंद्र चंदोला ने बताया कि इस टूर्नामेंट में डीपीएस सोनीपत, आर्मी स्कूल नैनीताल, अशोक हॉल रानीखेत, नोजगे खटीमा, एवरग्रीन हल्द्वानी, शैम्फोर्ड काशीपुर, डीपीएस, जेपीएस, सेंट मैरी रुद्रपुर एवं किच्छा के विभिन्न स्कूल सहित लगभग 40 स्कूल प्रतिभाग करेंगे। एक दिन में लगभग 9–10 मैच खेले जाएंगे। विजयी टीम को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

# एक करोड़, 34 लाख से बनेगी लिफ्ट सिंचाई योजना



बागेश्वर। ग्राम पंचायत अनर्सा में विधायक सुरेश गड़िया ने राज्य योजना के तहत एक करोड़, 34 लाख, 64 हजार की लागत से बनने वाले लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से लिफ्ट सिंचाई की मांग कर रहे थे। सिंचाई के अभाव में लोग सब्जी तथा खेती किसानी नहीं कर पा रहे थे, जबकि क्षेत्र में सब्जी उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। अब उन्हें खेती करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। जल्द योजना अपना मूर्त रूप लेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान दीपा देवी, मदन मेहता मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने हल्द्वानी में महिला स्वाभिमान यात्रा निकालकर मांगा न्याय

हल्द्वानी। डोलमार स्थित होटल में पकड़े गए अनैतिक कार्य में लिप्त राजनीतिक दलों के लोगों के नाम उजागर करने और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने शनिवार को शहर में महिला स्वाभिमान न्याय यात्रा निकाली।

जिसके बाद एसडीएम कोर्ट पहुंचकर एसडीएम पारितोष वर्मा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा। चेताया कि यदि दोनों मामलों में जल्द कोई कार्यवाही न हुई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश की अगुवाई में कांग्रेसियों ने स्वराज आश्रम से एसडीएम कोर्ट तक न्याय यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्यांकाड को एक साल से अधिक बीत जाने के बावजूद उनके और उनके परिवार को न्याय नहीं मिल सका है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार तक नहीं मिल पा रहा है।

कहा कि बीते दिनों हल्द्वानी के डोलमार स्थित एक होटल में पुलिस की छापामारी में अनैतिक कार्य पकड़ा गया, लेकिन उसमें लिप्त सत्ताधारी राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के नाम आज तक बाहर नहीं आ सके हैं। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा है कि अंकिता भंडारी को न्याय न मिलने के कारण प्रदेश में महिलाओं में डर का माहौल है। पेपर लीक मामले के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। आरोप लगाया कि प्रदेश और क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआघरों में लिप्त लोगों पर राजनीतिक संरक्षण होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति ने स्वराज आश्रम में महिला कार्यकत्रियों की बैठक भी ली।

यहां महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, शोभा बिष्ट, विमला सांगुड़ी, राधा आर्य, गीता बहुगुणा, भगवती बिष्ट, जया कर्नाटक, अलका आर्य, सविता गुरुरानी, रत्ना श्रीवास्तव, राधा चौधरी, मोनिका सती, कमला तिवारी, मीमांशा आर्य, हेमंत बगड्वाल, सुहेल सिद्दीकी, महेश शर्मा, सौरभ भट्ट, जीवन कार्की, बीना जोशी, शशि वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर किशोर कुमार को याद किया

हल्द्वानी। गायक किशोर कुमार की 36वीं पुण्यतिथि पर किशोर कुमार फैन्स क्लब हल्द्वानी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार देर रात को आजाद नगर में हुए कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष मोहम्मद नबी ने किशोर कुमार के जीवन के बारे में बताया गया। उसके बाद गीत चलते–चलते मेरे गीत याद रखना कभी अलविदा न कहना..., जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकाम वो फिर नहीं आते..., ये शाम मस्तानी मदहोश किये जाए... आदि गीत गाये गये।

मोहम्मद सलीम विक्की ने नीले–नीले अम्बर पर चांद जब आये..., मोहम्मद फाजिल ने तेरे जैसा यार कहां..., राशिद खान ने बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा.... आदि गीत गाए। यहां मो. फैजल, लईक खान, असलम खान, जहीर आलम अंसारी, मो. फाजिल, नसीम अहमद वार मौजूद रहे।

# आशा कार्यकत्री ने की फांसी लगा खुदकशी



बागेश्वर। लाहूर घाटी के पंद्रहपाली गांव में एक आशा कार्यकत्री ने शुक्रवार की रात घर के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों ने जब यह मंजर देखा तो उनके पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंद्रहपाली गांव की 30 साल की आशा कार्यकत्री दया देवी पत्नी सुरेश लाल ने शुक्रवार की रात अपने की घर में फांसी का फंदा लगाकार आत्महत्या कर ली। उस वक्त परिजन मौके पर नहीं थे। बाद में जब उन्होंने यह मंजर देखा तो उनके पांव के नीचे जमीन खिसक गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। शनिवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। किसी ने कोई तहरीर मामले में नहीं दी है। मृतका के तीन बच्चे हैं और पति खच्चर आदि पालकर घर परिवार चलाता था।

# रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्रों ने चार स्पर्धाओं में मारी बाजी

टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के छात्रों ने संस्कृत की जिला स्तरीय वरिष्ठ वर्ग स्पर्धाओं में 6 में से 4 स्थानों पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से देवप्रयाग के संस्कृत विवि परिसर में आयोजित जिला स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं में रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्र-छात्राओं ने सभी 6 प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। नाटक, श्लोकोच्चारण, वाद विवाद तथा आशु भाषण परिसर के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसमें वाद-विवाद में माधुरी और श्रेष्ठा, आशुभाषण में लोकेश चंद्र बड़सिलिया तथा श्लोकोच्चारण में कोमल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही कृष्ण की बाल लीलाओं से संबंधित नाटक में शिवानी ठाकुर, दिगंबर रतूड़ी, कुशाग्र, साहिल शर्मा, चिराग शर्मा, सुनील गोदियाल, दिगंबर सुधांशु पंत, तेजस्विनी, आदित्य टोडरिया सहित 12 छात्र-छात्राओं ने शानदार अभिनय कर प्रथम स्थान पाया। साहित्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने छात्रों का मार्ग दर्शन किया।

छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी ने बधाई देते हुए छात्रों से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये अभी से और प्रयास करने को कहा है। (एजेंसी)

## शिक्षा ज्योति और समाज ज्योति दिवस मनाया जाए

चमोली:भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की जिला शाखा के अध्यक्ष जसवंत लाल ने माता सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले की जयंती को शिक्षा ज्योति एवं समाज ज्योति दिवस के रूप में मनाने की मांग उठाई है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में कहा गया कि माता सावित्रीबाई फुले ने 1848 में बालिकाओं के लिए सर्वप्रथम स्कूल की स्थापना की थी, जो कि उस समय साहसिक एवं क्रांतिकारी कार्य था।

# महाविद्यालय के छात्रों को ठगी से बचने के बताएं उपाय

टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. आशुतोष शरण और मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित एसबीआई प्रबंधक बद्रीश द्विवेदी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बद्रीश द्विवेदी ने छात्रों को शून्य बैलेन्स के साथ बैंक में खाता खोलने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपराधी ठगी से बचने के उपाय बताये। स्टूडेंट्स को बजट बेसिक्स जानना के लिए जरूरी बताया। आज डिजिटल युग मे ऑनलाइन मनी ट्रैंज़ैक्शन, डिजिटल वालेट्स और ऐसी अन्य सुविधाओं से जहां एक और हमारा जीवन काफी आसान बन गया है, वहीं दूसरी और चोरी तथा धोखे के भी नए रास्ते खुले है। आज हमारी वित्तीय जानकारी कई प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहती है, जो कि हैकर्स को आसानी से मिल सकती है। हम धोखाधड़ी के शिकार बन जाते है इसलिए डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुये सुरक्षा उपायों जैसे अपना पासवर्ड शेयर न करना, वित्तीय जानकारी ऑनलाइन न देना और केवल विश्वनीय प्लेटफॉर्म से अपने वित्तीय लेनदेन करना शामिल है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. संजय ने कहा कि वित्तीय साक्षरता कौशल आम व्यक्ति को स्मार्ट निर्णय लेने मे मदद करता है। जिससे व्यक्ति अपने पैसे का समुचित उपयोग करने मे समर्थ होता है। इस मौके पर डा. सपना कश्यप, डा. राजपाल सिंह रावत, डा. सुधा रानी, डा. सूचना सचदेवा, डा. बीपी पोखरियाल, डा. आराधना सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## संसदीय तकनीकी शब्दावली के विकास एवं संवर्द्धन पर की चर्चा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्विद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की पहल एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन पर विषय विशेषज्ञों ने संसदीय तकनीकी शब्दावली के विकास एवं संवर्द्धन के विषय में विचार-विमर्श किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि रघुनाथ कीर्ति संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग के कुलपति प्रो. काशीनाथ जेना पीवीवी सुब्रमण्यम ने संसद की तकनीकी शब्दावली, भाषा, संप्रेषण एवं अनुवाद प्रक्रिया के विषय में जानकारियां दी। प्रो. नावेद जमाल ने भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों का योगदान विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए भारतीय भाषाओं में संविधान में तकनीकी शब्दावली के निर्माण के महत्व एवं विकास के संदर्भ पर चर्चा की।

# विद्यार्थियों को जैविक खाद के बारे में दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी, जंतु, रसायन व भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास से जैविक खाद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जैविक खाद के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने छात्र-छात्राओं को जैविक खाद का महत्व एवं इससे रोजगार के अवसरों के संबध में छात्रों को जानकारी दी। वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एमडी कुशवाहा ने जैविक खाद के विभिन्न उपयोग पर प्रकाश डाला। बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश चौहान ने महाविद्यालय द्वारा निर्मित वर्मि कम्पोस्ट का नाम महर्षि चरक के नाम पर चरकमृदा रखने का सुझाव दिया। कार्यशाला संयोजिका डॉक्टर सुनीता नेगी ने वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डा. प्रवीण जोशी, डा. डीएस चौहान, डा. सरिता चौहान और डा. हरीश प्रजापति सहित साठ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया

## बसपा के राम भक्ति जिलाध्यक्ष तो रावीव बनें उपाध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए बसपा ने जिले की कार्यकारिणी का गठन किया और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से राम भक्ति को जिलाध्यक्ष, राजीव सिंह को उपाध्यक्ष, सुबोध कुमार महासचिव, जिला सचिव जयकृत सिंह, कोषाध्यक्ष राम लाल और जिला प्रभारी गोविंद लाल शिल्पी को बनाया गया।

शनिवार को बदरीनाथ धर्मशाला में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉ. नाथीराम और प्रदेश सचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी धीर सिंह बिष्ट ने भी हिस्सा लिया। दोनों पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की और इसके बाद जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की। प्रदेश महासचिव डॉ. नाथीराम और प्रदेश सचिव धीर सिंह बिष्ट ने कहा कि पार्टी सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम करने को कहा। प्रदेश सचिव ने कहा कि उत्तराखंड में दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने सत्ता सभाली, लेकिन एक भी जिला बनाने की हिम्मत नही जुटा पाई, जबकि प्रदेश में कई जगहों से नए जिलों के गठन की मांगें हर बार उठ रही है। वहीं बसपा ने तत्कालीन उत्तर प्रदेश में ही यहां रुद्रप्रयाग, बागेश्वर व चंपावत सहित चार नए जिले बना दिए थे। इसके अलावा नई तहसीलों को भी बनाया। इससे प्रदेश में प्रशासनिक तंत्र को मजबूती मिली और पहाड़ी प्रदेश में लोगों की भागदौड़ भी कम हुई। बैठक में अजय कुमार, दिनेश, वीर सिंह राणा, श्रवण कुमार, जय प्रकाश आदि भी मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर नं. | T-18-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के वॉशिंग लाइनों पर आइसोलेशन सुविधाओं के साथ ओएचई का प्रावधान। | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.11.2023 at 15:00 hrs. | | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹1,01,24,808.51 (including GST) | | |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | ₹2,00,600/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹) | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-23 दिनांक 13.10.2023 3200/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 18 को होगा व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण

टिहरी : व्यापार मंडल थत्यूड़ का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 18 अक्टूबर को व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कंडारी की अध्यक्षता मे मुख्य बाजार थत्यूड़ मे संपन्न होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकवीर पंवार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल थत्यूड़ के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पवार व राजपुर क्षेत्र के विधायक खजानदास होंगे। (एजेंसी)

## छात्रों ने सीखें आपदा प्रबंधन और आपदा न्यूनीकरण के गुर

टिहरी : जनपद के प्रमुख विद्यालयों में छात्रों व स्टाफ को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण क्रमवार दिया जाना जारी है। जिसके तहत भिलंगना ब्लाक के थाती कठूड़ पट्टी के जीआईसी कोट विशन में सभी छात्रों सहित स्टाफ को आपदा प्रबंधन और आपदा न्यूनीकरण का प्रशिक्षण दिया गया।

यह जानकारी देते हुए जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग प्रशिक्षकों की मदद से विद्यालयों में छात्रों व स्टाफ को आपदा से सम्बंधित विधाओं व प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण दे रहा है। जीआईसी कोट विशन में 324 छात्रों-स्टाफ को प्रशिक्षण देते हुए क्षेत्र के अंतर्गत विद्यमान तथा संभावित प्राकृतिक आपदाओं में जैसे भूकंप, भूस्खलन, त्वरित बाढ़ व वनग्नि के विषय में जानकारी देते हुए आपदा के प्रकार, आपदा के दौरान और पश्चात की कार्यवाही के बारे मैं बताया गया। आपदा प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण जन-जागरूकता संबंधी जानकारियां भी दी गई। जिनमें उपकरणों की जानकारी, आपातकालीन स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, आग से बचने के तरीके और बाढ़ से बचाव के तरीकों से संबंधित जानकारी के साथ जनपद आपातकालीन, राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के टोल फ्री नंबर की जानकारी और विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान एवं निकासी मार्गो की भी जानकारी दी गई। आपदा न्यूनीकरण को आपदाओं और पूर्व में घटित आपदाओं से सीख लेने की सलाह और सभी को आपदाओं के प्रति सजग रहने को कहा गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कमल नयन नौटीयाल सहित छात्र–छात्रायें व स्टाफ मौजूद रहा। (एजेंसी)

## टीम ने टीकाकरण की स्थिति जांची

चमोली : मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों में नियमित टीकाकरण की स्थिति को निरीक्षण और परीक्षण के लिए स्वास्थ्य निदेशालय की टीम चमोली जिले के भ्रमण पर पहुंची। प्रभारी अधिकारी प्रतिरक्षण डॉ. अर्चना ओझा के नेतृत्व में आयी टीम ने वाइब्रेंट विलेज समेत जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर नियमित टीकाकरण का परीक्षण किया । प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अर्चना ओझा ने बताया मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम दुनिया की सबसे बड़ी टीकाकरण परियोजना में से एक है जिसका उद्देश्य नवजात शिशु बच्चों को गर्भवती महिलाओं को कई जानलेवा बीमारियों से बचाना है। स्वास्थ्य निदेशालय की टीम ने जिला वैक्सीन भंडार चमोली, जिला चिकित्सालय गोपेश्वर, तपोवन, पीपलकोटी, जोशीमठ, गोचर, कर्णप्रयाग,आदिबद्री और गैरसैंण की वैक्सीन भंडारों का निरीक्षण करने के साथ-साथ स्वास्थ्य उपकेंद्र बड़ागांव तपोवन, पांडुकेश्वर में एएनएम के सम्मुख टीकाकरण गतिविधियों का जायजा भी लिया। वाइब्रेंट विलेज माणा, बामणी गांव, गजकोटी एवं अन्य स्थानों पर घर-घर जाकर लाभार्थियों से मिलकर टीकाकरण गतिविधियों की जानकारी ली निरीक्षण के समय पीपलकोटी में डॉ. नेहा जोशीमठ में डॉ. गौतम भारद्वाज गैरसैंण में डॉ. अर्जुन रावत तथा निरीक्षण के समय उनके साथ अंकिता, मधु, डाटा रचना, उदय सिंह रावत आईसी, महेश देवराड़, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## शारदीय नवरात्र के लिए सजे माता के मंदिर

रूद्रप्रयाग : शारदीय नवरात्र को लेकर जनपद के देवी मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी हो गई है। पहले नवरात्र से ही यहां बड़ी संख्या में भक्तों का उमड़ने का सिलसिला जारी हो गया है। मंदिर समिति द्वारा माता के सभी दरवार सजा दिए गए हैं। सिद्धपीठ कालीमठ के साथ ही जसोली स्थित हरियाली देवी, मठियाणा देवी, चामुंडा देवी सहित अनेक मंदिरों में रौनक भी बढ़ गई है।श्राद्ध पक्ष संपंन होने के बाद लोगों में अब नवरात्र को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। पहले दिन से ही मंदिरों में पूजा अर्चना और भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई है। मां के शैलपुत्री रूप की पूजा के लिए भक्तों ने सभी तैयारियां कर ली है।




# मुफ्त की रेवड़ी पर रोक की जरूरत

**चुनाव जीतने के बाद जब आकलन हुआ तो पता चला कि मुफ्त की चीजें और सेवाएं बांटने की घोषणा को पूरा करने में हर साल करीब 55 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसे पूरा करने का नतीजा यह होगा कि राज्य का घाटा आठ फीसदी तक बढ़ेगा, जिसे पूरा करने के लिए उसे कर्ज लेना होगा। ऐसे ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद बिजली सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी हुई है। वह 20 हजार करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई है। आप सरकार ने कई और वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में देनी शुरू की है, जिससे उसका घाटा 45 फीसदी तक बढ़ सकता है।भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक कई राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं देने की अपनी घोषणा पूरी करने के लिए अपनी कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा खर्च कर रही हैं। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्य इस सूची में आते हैं। इनमें सबसे कम आठ फीसदी खर्च राजस्थान में होता है और सबसे ज्यादा 35 फीसदी पंजाब में। झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे गरीब राज्य भी क्रमशः 27 और 24 फीसदी खर्च करते हैं। मुश्किल यह है कि राज्य एक बार मुफ्त में चीजें और सेवाएं देने की घोषणा करने के बाद चुप होकर नहीं बैठ जाते हैं। वे हर चुनाव में नई घोषणाएं करते हैं।**

**अजीत द्विवेदी**

चुनावों से पहले मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की घोषणाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिचक के साथ ही सही लेकिन एक पहल की है। अदालत ने मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक को नोटिस जारी किया है। हालांकि अदालत के मन में एक दुविधा है, जिसे उसने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान जाहिर किया। सर्वोच्च अदालत ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या चुनावी वादों पर नियंत्रण किया जा सकता है? यह बहुत जायज सवाल है और इस पर बहस भी सनातन है। जब भी मुफ्त की रेवड़ी की बात होती है तो यह सवाल उठता है कि किस चीज को मुफ्त की रेवड़ी कहेंगे और किस चीज को लोक कल्याण की योजना कहेंगे?

हर सरकार और पार्टी अपनी योजना को लोक कल्याण की योजना बताती है और कहती है कि भारत एक लोक कल्याणकारी राज्य है, जिसमें सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की समस्याओं को दूर करे और जरूरतों को पूरा करे। लेकिन सवाल है कि क्या मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने से जनता की बुनियादी समस्याएं दूर हो रही हैं? हकीकत यह है कि इससे कुछ लोगों की तात्कालिक समस्याओं का समाधान तो मिलता है लेकिन समस्याओं के स्थायी निराकरण की संभावना समाप्त हो जाती है। देश या राज्य के ढांचागत विकास की प्रक्रिया इससे रूक जाती है क्योंकि पार्टियां और सरकारें चुनाव जीतने के एक आसान फॉर्मूले के तौर पर मुफ्त की रेवड़ी का इस्तेमाल करने लगती हैं। वे ढांचागत विकास और रोजगार पैदा करने वाली योजनाओं पर सोचना बंद कर देती हैं।

मुफ्त की रेवड़ी बांटने की सीधा असर राज्यों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इससे एक ऐसा दुष्चक्र बनता है, जिसमें से राज्यों का निकलना दिनों-दिन मुश्किल होता जाता है। हर राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की अपनी योजना पर अपने बजट का बड़ा हिस्सा खर्च करती हैं, जिससे उनका घाटा बढ़ता जाता है। घाटा पूरा करने के लिए सरकारों को बेतहाशा कर्ज लेना होता है और जैसे जैसे कर्ज बढ़ता है वैसे वैसे कर्ज का ब्याज चुकाने पर होने वाला खर्च बढ़ता है। आज स्थिति यह है कि ज्यादातर राज्यों के बजट का सबसे बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च होता है। पंजाब के ऊपर अपने सकल घरेलू उत्पाद के 48 फीसदी के बराबर कर्ज है। राजस्थान पर 40 फीसदी और मध्य प्रदेश के ऊपर जीडीपी के 29 फीसदी के बराबर कर्ज है, जबकि यह जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। भारी-भरकम कर्ज का नतीजा यह है कि पंजाब अपनी कमाई का 20 फीसदी हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करता है। मध्य प्रदेश भी अपनी कमाई का 10 फीसदी हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करता है। हरियाणा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी कुल बजट आवंटन का 20 फीसदी या उससे ज्यादा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च होता है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 15 राज्य ऐसे हैं, जिनके ऊपर उनकी जीडीपी के 30 फीसदी से ज्यादा कर्ज है।

राज्यों के ऊपर कर्ज इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि उनको मिलने वाले राजस्व के मुकाबले उनके खर्च ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं और खर्च बढने का एक बड़ा कारण मुफ्त की चीजें और सेवाओं बांटने की होड़ है। इस साल मई में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने पांच गारंटी के तहत महिलाएं, युवाओं, किसानों सबको खुले हाथ से नकदी बांटने का ऐलान किया। कई सेवाएं मुफ्त में देने की घोषणा की।

चुनाव जीतने के बाद जब आकलन हुआ तो पता चला कि मुफ्त की चीजें और सेवाएं बांटने की घोषणा को पूरा करने में हर साल करीब 55 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसे पूरा करने का नतीजा यह होगा कि राज्य का घाटा आठ फीसदी तक बढ़ेगा, जिसे पूरा करने के लिए उसे कर्ज लेना होगा। ऐसे ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद बिजली सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी हुई है। वह 20 हजार करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई है। आप सरकार ने कई और वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में देनी शुरू की है, जिससे उसका घाटा 45 फीसदी तक बढ़ सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक कई राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं देने की अपनी घोषणा पूरी करने के लिए अपनी कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा खर्च कर रही हैं। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्य इस सूची में आते हैं। इनमें सबसे कम आठ फीसदी खर्च राजस्थान में होता है और सबसे ज्यादा 35 फीसदी पंजाब में। झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे गरीब राज्य भी क्रमशः 27 और 24 फीसदी खर्च करते हैं। मुश्किल यह है कि राज्य एक बार मुफ्त में चीजें और सेवाएं देने की घोषणा करने के बाद चुप होकर नहीं बैठ जाते हैं। वे हर चुनाव में नई घोषणाएं करते हैं।

हर चुनाव में पहले से ज्यादा बड़ी घोषणा की जाती है। जैसे अभी खबर है कि केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि की रकम को बढ़ाने जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के समय हर साल किसानों के खाते में छह हजार रुपए डालने की योजना शुरू हुई थी और पांच साल बाद सरकार उसको बढ़ा कर आठ हजार रुपए करने जा रही है। मुफ्त में पांच किलो अनाज देने की योजना भी 31 दिसंबर के बाद बढ़ाई ही जाएगी। उधर राज्यों में नकद पैसे बांटने और मुफ्त में बिजली, पानी, बस सेवा आदि देने की होड़ अलग मची है।

तभी ऐसा लग रहा है कि अब समय आ गया है कि इस तरह की घोषणाओं पर रोक लगाई जाए। लोक कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त की रेवड़ी के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची जाए। इसमें यह ध्यान रखना होगा कि किसी के साथ पक्षपात न हो। यह नहीं होना चाहिए कि केंद्र सरकार किसानों को नकद पैसे दे या अनाज मुफ्त में दे या रसोई गैस का सस्ता सिलेंडर दे तो उसे लोक कल्याण की योजना माना जाए और किसी दूसरी पार्टी की सरकार महिलाओं को नकद पैसे दे या बिजली व पानी मुफ्त में या सस्ती दर पर दे तो उसे मुफ्त की रेवड़ी माना जाए! ऐसा होने पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा प्रभावित होगी। सर्वोच्च अदालत, चुनाव आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र व राज्य सरकारों और राजनीतिक दलों की सहमति से इस मामले में नियम तय करने चाहिए।

सरकारों का कर्तव्य सामूहिक कल्याण सुनिश्चित करने का है, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले कुछ समय से उसे निजी कल्याण में बदल दिया गया है। एक निश्चित समूह को लक्ष्य करके मुफ्त में चीजें और सेवाएं बांटी जा रही हैं और वोट सुनिश्चित किया जा रहा है।

गरीबों को दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री करके मध्य वर्ग और अमीरों से उसकी ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। इसकी बजाय सरकारें बिजली का उत्पादन बढ़ा कर और वितरण बेहतर करके सबके लिए उसकी कीमत सस्ती कर सकती है। लेकिन इसका तात्कालिक लाभ नहीं मिलेगा। दिल्ली की जो सरकार हर घर में पीने का साफ पानी सुचारू रूप से नहीं पहुंचा सकती है वह पानी मुफ्त में देने की योजना का चुनावी लाभ ले रही है। सोचें, लोक कल्याणकारी राज्य भारत में देश की ज्यादातर आबादी को नल से जल नहीं मिलता है। यानी पीने का साफ परिष्कृत पानी नहीं मिल पाता है, जबकि यह सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी बनती है।

बहरहाल, अगर सरकारें ढांचागत विकास के रास्ते पर चलेंगी तो उसे फलीभूत में होने में समय लगेगा। इसलिए पार्टियां शॉर्टकट अपनाती हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि ढांचागत विकास ठप्प हो गया है। रोजगार सृजन करने वाली योजनाओं पर काम नहीं हो रहा है।

अगर सरकारें गंभीरता दिखाएं तो उनके सामने इसी देश के एक राज्य केरल की मिसाल है, जहां एक के बाद एक बनी सरकारों ने चाहे वह कांग्रेस की सरकार हो या लेफ्ट की उसने संरचनागत विकास पर ध्यान दिया। इसका नतीजा यह है कि वहां मुफ्त में कुछ भी बांटने की जरूरत नहीं होती है। वहां शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक की सुविधाएं सबसे बेहतर हैं। केरल में सरकार मुफ्त में चीजें बांटने पर बजट का 0.1 फीसदी खर्च करती है। सोचें, कहां किसी राज्य में 35 फीसदी खर्च होता है और कहां एक राज्य में एक फीसदी का दसवां हिस्सा खर्च होता है!

## रोजगारः आंकड़ों का सच

महामारी के दौरान स्वरोजगार की संख्या क्यों बढ़ी और नियमित वेतन वाले रोजगार की संख्या क्यों घटी? और इस अनुपात का आज भी उसी रूप में बने रहना क्या बताता है?

अप्रिय आंकड़ों को कैसे चमकदार बना कर पेश किया जा सकता है, उसे समझना हो, तो पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) की ताजा सर्वे रिपोर्ट पर गौर करना चाहिए। यह रिपोर्ट इस वर्ष जून और जुलाई महीनों के बारे में है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान की तरफ से जारी इस रिपोर्ट के आधार पर अखबारों ने सुर्खियां बनाई हैं कि इन दो महीनों में देश में बेरोजगारी की दर गिरी। साथ ही श्रम बाजार में भागीदारी (एलएफपीआर) दर में वृद्धि हुई है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस अवधि में बेरोजगारी दर क्रमशः 5.4 और 2.4 प्रतिशत रही, जबकि उसके पहले के दो महीनों में ये दर 6.3 और 3.2 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में एलएफपीआर बढ़ कर 57.9 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2021-22 में यह दर 55.2 प्रतिशत थी। जाहिर है, ये आंकड़े एक सकारात्मक तस्वीर पेश करते हैं। लेकिन अब जरा इसी रिपोर्ट से सामने आए इस विवरण पर गौर कीजिए कि भारत में जिन लोगों को रोजगार में माना जा रहा है, उन्हें दरअसल किस तरह का रोजगार हासिल है।

सरकार ने जो आंकड़े दिए हैं, उसके मुताबिक कुल रोजगार प्राप्त लोगों में 57.3 प्रतिशत स्वरोजगार श्रेणी में आते हैं। 2018-19 में (यानी कोरोना महामारी के पहले) ये संख्या 52.1 प्रतिशत थी। अब नियमित वेतन मिलने वाले रोजगार वाली श्रेणी में 20.9 प्रतिशत लोग हैं। 2018-19 में यह संख्या 22.8 प्रतिशत थी। बाकी लोग कैजुअल यानी अनियमित रोजगार की श्रेणी में हैं। प्रश्न है कि महामारी के दौरान स्वरोजगार की संख्या क्यों बढ़ी और नियमित वेतन वाले रोजगार की संख्या क्यों घटी? और इस अनुपात का आज भी उसी रूप में बने रहना क्या बताता है? यह बताता है कि उच्च आर्थिक वृद्धि दर के तमाम आंकड़ों के बावजूद रोजगार के बाजार में कोई सुधार नहीं हुआ है। भारत में स्वरोजगार से तात्पर्य बेरोजगारी को छिपाना और अर्ध-रोजगार की स्थिति होता है। अगर विकल्प हो, तो स्वरोजगार वाले लोगों की अधिसंख्या नियमित वेतन के रोजगार को अपना लेगी। इसीलिए बेरोजगारी और एलएफपीआर के आंकड़ों का आम इनसान की वास्तविक आर्थिक स्थिति से कम ही रिश्ता है।

## कुछ हाथों में सारा धन!

एक तरफ देश में खरबपतियों की संख्या बढ़ रही है, दूसरी तरफ हालत यह है कि आम उपभोग घटता जा रहा है। इस बात की पुष्टि एफएमसीजी कंपनियों की रिपोर्ट से हर महीने होती है।

भारत में एक साल में एक हजार करोड़ रुपए से अधिक धन वाले व्यक्तियों की संख्या 216 बढ़ गई। 2023 में भारत में इतनी कीमत वाले व्यक्तियों की संख्या 1,319 तक पहुंच गई है। उसके पहले यह संख्या 1,103 थी। 2021 में पहली बार खरबपतियों की संख्या ने 1000 का आंकड़ा पार किया था। ताजा हुरुन इंडिया रिच लिस्ट का निष्कर्ष है कि भारत में खरबपतियों की संख्या स्थिर गति से बढ़ रही है। चूंकि अब धन का संग्रहण मुख्य रूप से शेयर बाजार, ऋण बाजार, बॉन्ड मार्केट आदि में निवेश से होता है, इसलिए धन बढने का यह अनिवार्य अर्थ नहीं होता कि उसका निवेश वास्तविक अर्थव्यवस्था में होगा, जिससे रोजगार पैदा होंगे और देश में कुल उपभोग एवं जीवन स्तर में बढ़ोतरी होगी। वैसे भी गुजरे कुछ वर्षों से भारत के सबसे धनी-मानी उद्योगपति विकसित बाजारों में निवेश करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि पिछले वित्त वर्ष में लगभग आठ लाख करोड़ रुपये का निवेश भारत से विदेश गया।

# इजराइल व हमास में लंबी लड़ाई तय?

**श्रुति व्यास**

इस बार हमास के तेवर बहुत तीखे हैं। वह दम लेने को तैयार नहीं है। पिछले हफ्ते इजराइल पर नृशंस हमले के बाद से ही हमास ने अपने अगले कदम की योजना बनानी शुरू कर दी थी।10 अक्टूबर की दोपहर को उसने एश्क्लोंन के नागरिकों को चेतावनी दी कि वे पांच बजे तक अपने घर छोड़ दें। डेडलाइन के बाद हमास ने वहां और दक्षिणी इजराइल के ज्यादातर इलाकों पर एक बड़ा राकेट हमला किया। यह हमला करीब 10 मिनट तक चला। उसने यह धमकी भी दी है कि अगर गाजा के नागरिकों पर इजराइल के हमले जारी रहे तो वह बंधकों की हत्या करना शुरू कर देगा। जाहिर है कि हमास को लग रहा है कि परिस्थितयां उसके अनुकूल हैं।



इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के अनुसार हमास द्वारा 7 और 8 अक्टूबर को इजराइल की ओर 3,200 से अधिक राकेट दागे गए। यह संख्या हमास के गाजा पट्टी पर नियंत्रण कायम होने से (सन् 2014 और 2021 को छोड़कर) किसी भी साल में दागे गए राकेटों की संख्या से ज्यादा हैं। सात अक्टूबर को हमले की शुरूआत में छोड़े गए राकेटों की संख्या सन् 2014 और 2021 के टकराव के शुरूआती दौर में छोड़े गए राकेटों की संख्या से कहीं अधिक थी।

जाहिर है यह आतंकवादी संगठन निश्चित ही अब पहले की तुलना में बेहतर हथियारों से लैस है। उसे ईरान का समर्थन हासिल है और वह निर्दयी और बेखौफ हो गया है। इजराइल के बारे में चर्चा करते हुए हमास के एक अधिकारी ने कहा, ''या तो हम धीमी मौत की तरफ बढ़ें या हम कब्जे को खत्म करने की कोशिश करते हुए मारे जाएं।" इजराइल की जवाबी कार्यवाही भी उतनी ही क्रूर है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध की घोषणा कर दी है और आपरेशन 'आयरन स्वार्ड' प्रारंभ कर दिया है। इजरायली रक्षा मंत्री ने गाजा पर "पूरी तरह कब्जा करने" का आव्हान किया है। आईडीएफ ने गाज़ा पट्टी पर अभूतपूर्व हवाई हमले किए हैं और तीन लाख रिजर्व सुरक्षा बलों को ड्यूटी पर बुला लिया गया है।

हमास ने सन् 2007 में गाजा और वहां के निवासियों पर अपना असर बनाया था। उसके बाद से वह इजराइल से चार दफा लड़ाई लड़ चुका है। कई छोटी मुठभेड़ें भी हुईं हैं। इनके नतीजे में हजारों लोग, जिनमें से अधिकतर फिलिस्तीनी थे, अपनी जान गँवा चुके हैं। लेकिन सन् 2021 में दो हफ्ते तक चले युद्ध के बाद हमास का प्रयास रहा है कि टकराव न बढ़े और उसने अन्य फिलिस्तीनी उग्रपंथियां को इजराइल पर राकेट हमले बंद करने के लिए भी कहा। कई इजराइलियों का मानना था कि यह इस्लामिक संगठन एक और बार खून-खराबा करने, जिससे कुछ भी हासिल नहीं होगा, की बजाय युद्धविराम कायम रखना चाहता है ताकि गरीब एवं बहुत अधिक जनसंख्या घनत्व वाली इस पट्टी के पुनर्निर्माण पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके।

दूसरी ओर इजराइल की सरकार को लग रहा था कि जब तक शांति कायम रहती है तब तक हजारों फिलिस्तीनी मजदूरों को इजराइल में काम करने की अनुमति देने से शांति बनाए रखना हमास के लिए और भी फायदेमंद बन जाएगा। ऐसी आशा थी कि हमास को लम्बी अवधि के युद्धविराम का हिस्सा बनाया जा सकेगा। लेकिन 7 अक्टूबर के बर्बर हमलों से यह भ्रम टूट गया। इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पूर्व मुखिया याकोव अमीदोर ने कहा कि ''आतंकवादी संगठन हमेशा आतंकवादी संगठन ही बना रहता है।"

लेकिन इजराइल भी गाजा और उसके निवासियों को बेरहमी से कुचलता रहा है, विशेषकर सन् 2007 में गाजा पर हमास का कब्जा होने के बाद से। इजराइल और मिस्त्र दोनों ने इस इलाके की घेराबंदी कर रखी है जिससे व्यापार बाधित हुआ है, अर्थव्यवस्था तबाह हुई है और लोग एक इलाके में कैद रहने के लिए मजबूर हुए हैं।इसके अलावा बाहरी दुनिया से उनका संपर्क टूट गया है। अब्राहम समझौते, जिनके जरिए इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कई अरब देशों के इजराइल से कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे, से गाजा के लोगों की यह धारणा और गहरी हुई कि अकेले वे ही तकलीफ भुगतने को मजबूर हैं। हमले की घोषणा करते हुए हमास की सैन्य शाखा के कमांडर मोहमम्द डेफ ने विज्ञप्ति में कहा, ''हमने इन हालातों को हमेशा के लिए ख़त्म करने का फैसला कर लिया है ताकि दुश्मन को यह एहसास हो सके कि अब वह अपनी करनी का खामियाजा भुगते बिना मौज की जिंदगी नहीं जी सकता।"

हमास की योजना इस इलाके का नक्शा बदल देने की है। उसका लक्ष्य है कि फिलिस्तीन का मसला मध्यपूर्व के राजनैतिक एजेंडे में दुबारा सबसे ऊपर आ जाए। हमास के एक अधिकारी ने अपने इरादे जाहिर करते हुए कहा ''हम वेस्ट बैंक के कब्जे वाले इलाके में पेलिस्टीनियन नेशनल एथारिटी (पीए) के बीमार राष्ट्रपति महमूद अब्बास और उन्हें सहारा देने वाले इजराइल के खिलाफ बगावत के शोले भडक़ाना चाहते हैं।"

हमास को समर्थन मिल रहा है। उसने साफ़ शब्दों में वेस्ट बैंक में उग्रवादियों से हथियार उठाने का आव्हान किया है, ताकि वहां भी अफरातफरी के हालात बन जाएं। हमले के एक दिन बाद हिजबुल्लाह ने लेबनान और सीरिया दोनों से उत्तरी इजराइल पर मिसाइल हमले किए।

हमास के आतंकी अब इजराइल के जमीनी हमले का मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं, जो जल्दी ही होता नजर आ रहा है। हमास के पास योजना भी है और वह उत्साह में हैं। इससे ऐसा लगता है कि यह युद्ध कई दिनों और हफ्तों तक जारी रहेगा।

# शाम को 5-7 बजे के बीच में कर लें ये काम...फिर देखिए वजन कैसे गिरता है



आजकल मोटापा एक आम समस्या बनता जा रहा है. अनियमित भोजन और व्यायाम की कमी के कारण लोगों का वजन बढ़ने लगा है. वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बस अपनी डेली के रूटीन में थोड़ा सा बदलाव करके भी आप अपना वजन कम कर सकते हैं? वो भी बिना किसी खास कड़ी डाइटिंग या भारी व्यायाम के. आइए जानते हैं कि शाम को 5-7 बजे के बीच में अगर आप यह दो काम करते हैं तो तेजी से घट सकता है.

**5 से 7 बजे डिनर करनें**

वजन कम के लिए रात का खाना सही समय पर खाना बहुत जरूरी होता है. शाम के 5 से 7 बजे के बीच डिनर कर लेना चाहिए.इससे वजन कम करने में मदद मिलती है. डिनर इस समय करने के कई फायदे मिलते हैं. रात में जल्दी भोजन करने से शरीर को भोजन से पूरा लाभ उठाने में मदद मिलती है. इससे भोजन पचाने की प्रक्रिया यानी मेटाबोलिज्म बढ़ जाता है. जिससे की भोजन का पूरा पोषण शरीर को मिल पाता है और ऊर्जा भी अच्छी प्राप्त होती है. साथ ही यह अतिरिक्त कैलोरी को भी जलाने में मदद करता है जोकि वजन कम करने में बहुत फायदेमंद है.

**वजन कम करने में करता है मदद**

बहुत देर से रात में खाना खाने के बाद सो जाने से पाचन तंत्र को भोजन को पचाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता. इससे भोजन सही ढंग से पच नहीं पाता और पेट संबंधी समस्याएं जैसे पेट दर्द, अपच, गैस और पेट फूलना हो सकता है.अगर शाम में ही जल्दी खा लिया जाए, तो खाने के बाद काफी समय बचता है, जिसमें पाचन तंत्र खाने का अच्छे से पाचन कर पाता है. इसलिए शाम में जल्दी खाना खा लेना पाचन और पेट संबंधी स्वास्थ्य के लिए बेहतर होता है. और इससे वजन भी तेजी से कम होगा.

**5 से 7 के बीच करें एक्सरसाइज**

शाम को वर्कआउट करने के कई अपने फायदे होते हैं, जो लोग दिन में काम करते हैं उनके लिए शाम का वर्कआउट करने का फायदा होता है.रात में वर्कआउट करने के कई फायदे होते हैं. इवनिंग के समय वर्कआउट करने से शरीर को ठंडक भी मिलती है और थकान होने की वजह से नींद भी अच?छी आती है. इस समय आपको वर्कआउट करने के लिए वार्म-अप की जरूरत नहीं होती, क?योंकि शरीर पहले से ही मूवमेंट में आने की वजह से एक्टिव रहता है.

# सीने में अचानक होने वाले दर्द से चाहिए छुटकारा, तो अपनाएं यह तरीका... तुरंत मिलेगा आराम

आजकल हार्ट अटैक, हार्ट स्ट्रोक आम बात हो गई. आजकल के युवा इसका शिकार हो रहे हैं. खराब लाइफस्टाइल और खानपान ने हमारी जिंदगी को इस तरह से प्रभावित किया है कि किसी भी स्वस्थ्य व्यक्ति को भी सीने में तेज दर्द की शिकायत हो सकती है. सीने में अचानक से होने वाले दर्द खतरनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी हो सकते हैं. इस तरह के दर्द बैचेनी पैदा कर सकते हैं. सीने में दर्द होने के कारण सांस लेने में तकलीफ, पसीना आना, चक्कर आना भी हो सकता है. आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे खास उपाय बताएंगे जिसके जरिए आप सीने में अचानक होने वाले दर्द से छुटकारा पाने के लिए यह उपाय अपनाएंगे तो आपको तुरंत राहत मिलेगी. लेकिन अगर किसी गंभीर स्थिति में आपको दर्द की शिकायत हो रही है तो आपको बिना समय गवाएं डॉक्टर के पास जाना चाहिए.

इस प्रकार के सीने में दर्द अचानक से कई कारणों की वजह से हो सकते हैं. जैसे- आओेरेटिक में गड़बड़ी के कारण, पेरिकार्डिटिस साथ ही इसमें फेफ-ड़ा शामिल है. सीने में अचानक होने वाले दर्द किसी दवा, सर्जरी के कारण भी हो सकता है. ये अचानक मौतें सीने में दर्द शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर हो जाती हैं, लेकिन ज्यादातर मरीजों में हमें कुछ समय के लिए छुट्टी मिल जाती है. बहुमूल्य घंटे, जब किसी जीवन को संभावित रूप से बचाया जा सकता है. बशर्ते सभी सही कदम उठाए जाएं.

अचानक सीने में दर्द होने पर क्या करें?

एक बार में 325 मिलीग्राम डिस्प्रिन (घुलनशील एस्पिरिन) और क्लोपिडोग्रेल की 4 गोलियाँ लें. ये एक केमिस्ट के पास उपलब्ध हैं, और दिल का दौरा पडने के जोखिम वाले प्रत्येक व्यक्ति को ये दवाएं अपने साथ रखनी चाहिए. आम धारणा के विपरीत, पूर्ण विकसित दिल के दौरे में सोर्बिट्रेट का कोई उपयोग नहीं होता है, और संभावित रूप से बीपी में गंभीर गिरावट हो सकती है. इसलिए सीने में तेज दर्द होने पर इससे बचना बेहतर है.जितनी जल्दी हो सके एम्बुलेंस को कॉल करें. ईसीजी करा लें. ईसीजी या तो सामान्य होगा, एसटी उन्नयन एमआई दिखाएगा, या उच्च जोखिम अस्थिर एनजाइना दिखाएगा. आपातकालीन कक्ष में रहते हुए, कार्डिएक ट्रोपोनिन आई, डी डिमर और एनटी प्रो बीएनपी के लिए रक्त निकाला जाएगा. ये सीने में दर्द का कारण बताएंगे.

किसी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट को बुलाएं. यदि पूर्ण विकसित दिल का दौरा (एसटी एलिवेशन एमआई) है, तो हृदय रोग विशेषज्ञ तत्काल एंजियोप्लास्टी का सुझाव देंगे. संकोच न करें। तुरंत एंजियोप्लास्टी करने की सहमति दें. दिल का दौरा पडने पर तत्काल एंजियोप्लास्टी (जिसे प्राथमिक एंजियोप्लास्टी भी कहा जाता है) जीवन बचाने का सबसे सुरक्षित और सुरक्षित तरीका है.

इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि हममें से बहुत से लोग महसूस करते हैं कि हृदय घायल है और किसी भी प्रक्रिया को करने से पहले उसे आराम करने की अनुमति दी जानी चाहिए. यह सच नहीं है. सबसे अधिक लाभ तुरंत एंजियोप्लास्टी कराने से मिलता है. जो हृदय की बहुत सारी मांसपेशियों को मरने से रोकेगा और हृदय के पंपिंग कार्य को सुरक्षित रखेगा. जो दिल के दौरे के बाद दीर्घकालिक अस्तित्व के सबसे अच्छे भविष्यवक्ताओं में से एक है.

## नेपाल के सोलुखुम्बु में लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**काठमांडू ,एजेंसी।** नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के लोबुचे क्षेत्र में शनिवार को मनांग एयर का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) के सूचना अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार हेलिकॉप्टर ने यात्रियों को लाने के लिए सुबह 7:13 बजे लुक्ला से सोलुखुंभु के लिए उड़ान भरी थी। उतरने के दौरान अचानक से दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। कैप्टन प्रकाश कुमार सेधाई इस दुर्घटना में घायल हो गए। जो हेलीकॉप्टर पर अकेले थे। उन्हें फिशटेल एयर हेलीकॉप्टर से राजधानी काठमांडू ले जाया जा रहा है।

दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि हेलिकॉप्टर पर से नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ। इससे पहले 11 जुलाई को सोलुखुम्बु जिले के लिखुपिके ग्रामीण नगर पालिका के लमजुरा में मनांग एयर हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह लोगों की मौत हो गई थी।

## इजरायली सेना के आदेश के बाद उत्तरी गाजा से बड़े पैमाने पर पलायन शुरू

**यरुशलेम ,एजेंसी।** इजरायल ने उत्तरी गाजा में रहने वाले करीब 11 लाख लोगों से इस क्षेत्र को खाली कर दक्षिणी गाजा की ओर चले जाने का निर्देश दिया था। वहीं, इजरायली सेना द्वारा जारी आदेश के बाद फलस्तीनियों का उत्तरी गाजा छोडने् का सिलसिला शुरू हो गया है। इजरायली सेना द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करते हुए फलस्तीनी शुक्रवार को उत्तरी गाजा से बड़े पैमाने पर पलायन कर गए। इजरायली सेना के इस आदेश के बाद संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि भीड़भाड़ वाले गाजा की लगभग आधी आबादी को निकालना विनाशकारी होगा। इस दौरान ह ने इजरायल के अपने इस आदेश को वापस लेने का भी आग्रह किया। उत्तरी गाजा को छोडने् का आग्रह करते हुए इजरायली सेना ने कहा कि उसने गाजा शहर के आसपास हमास के भूमिगत ठिकानों को निशाना बनाने की योजना बनाई है। वहीं, हमास ने इजरायली सेना के इस आदेश को नजरअंदाज करने को कहा है।

## इजराइल संघर्ष का सीधा प्रसारण कर रहे पत्रकार की रॉकेट हमले में मौत– छह अन्य घायल

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** दक्षिणी लेबनान में इजऱाइल के साथ संघर्ष का सीमा पर से सीधा प्रसारण करते हुए रॉकेट हमले में फोटो पत्रकार की मौत हो गयी। हमें यह जानकर गहरा दुख हुआ कि हमारे वीडियोग्राफर इस्साम अब्दुल्ला की मौत हो गई है।उन्होंने कहा कि वह अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए क्षेत्र में अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहे हैं। फोटो पत्रकार के अलावा एएफपी और एल जजीरा के लिए अपने सेवा देने वाले अन्य छह पत्रकार भी घायल हुए हैं। उनका अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है।संयुक्त राष्ट्र ने पत्रकार की मृत्यु के बाद रॉयटर्स के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफऩ् दुजारिक ने इस बात की जांच का आह्वान किया कि वास्तव में क्या हुआ था। इससे पहले दिन में दक्षिणी जॉर्डन पर इजरायली गोलाबारी की की गयी था। इजरायली रक्षा बलों ने लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह पर अपने क्षेत्र में रॉकेट दागने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई में गोलाबारी की थी।

## वेस्ट बैंक में 14 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्ला ,एजेंसी।** इजरायली सेना और हमास की झड़प में वेस्ट बैंक में कम से कम 14 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी।

# सावधान रहें बहनें, 'लाड़ली बहना योजना' बंद करने की तैयारी में है कांग्रेस : शिवराज चौहान



**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार पहले भारतीय जनता पार्टी सरकार की जनकल्याण योजनाओं को बंद कर दिया था, उस प्रकार अब इनकी (कांग्रेस की) नीयत 'लाड़ली बहना योजना' को बंद करने की भी स्पष्ट हो रही है और महिलाओं को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है। शिवराज चौहान ने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को अपमानित करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी जननायकों टंट्या मामा, भीमा नायक, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा जैसे जननायकों का स्मरण करते हुए स्मारक बनवाए, लेकिन कांग्रेस ने केवल एक खानदान के स्मारक बनाए। पार्टी ने प्रदेश में सबसे गरीब बैगा, भारिया और सहरिया आदिवासी महिलाओं के खाते में आहार अनुदान के लिए डाले जाने वाले एक हजार रुपए भी बंद कर दिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के पांव में चप्पल पहना रही है तो उनके (कांग्रेस के) सीने में तकलीफ हो रही है। इसलिए उन्होंने प्रदेश में सरकार में आते ही आदिवासियों को जूते, चप्पल, पानी की कुप्पी और साड़ी देना भी बंद कर दिया था। इसी क्रम में उन्होंने पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को संबोधित करते हुए कहा कि ये दोनों सुन लें, भाजपा आदिवासियों को सम्मान और सामान दोनों देगी, क्योंकि भाजपा के दिल में तेंदूपत्ता तोड़ने वालों के लिए जगह है। शिवराज चौहान ने कहा कि कांग्रेस अब लाड़ली बहना योजना बंद करने की तैयारी कर रही है, कांग्रेस के लोग ट्वीट कर रहे हैं कि 'मामा' चुपके से पैसा डालेगा। उन्होंने कहा कि ये एक चलती हुई योजना है, जिसे बंद नहीं किया जा सकता। ये योजना नहीं, एक करोड़ 32 लाख बहनों का भाग्य है। भाजपा सरकार उसके पैसे डालेगी, तो कांग्रेस को तकलीफ क्यों हो रही है।

उन्होंने कहा कि ये बात सही है कि चुनाव में कोई कार्यक्रम करके महिलाओं के खाते में पैसे नहीं डाल सकते, पर पैसे तो डाले जाएंगे। कांग्रेस की नीयत साफ हो गई है, जैसे उन्होंने अपनी सरकार आते ही कन्याओं के विवाह बंद कर दिए, संबल योजना बंद कर दी, गरीब आदिवासी महिलाओं के खाते में जाने वाले पैसे बंद कर दिए, वैसे ही कांग्रेस अब लाड़ली बहना योजना बंद करने की तैयारी कर रही है। महिलाओं को अब बेहद सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस के इरादे देख लें। ये महिला, गरीब और आदिवासी विरोधी हैं। कांग्रेस ही वो पार्टी है, जिसने दिवंगत शिवभानु सोलंकी और जमुना देवी को कभी मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। जनता को इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

शिवराज चौहान ने कल एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि आचार संहिता के कारण लाड़ली बहना योजना की राशि कार्यक्रम करके महिलाओं के खाते में नहीं डाली जा सकती, इसलिए वे महिलाओं के खाते में 'चुपचाप' ये राशि डाल देंगे। कांग्रेस के नेता उनके इसी बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए इसे आचार संहिता का उल्लंघन बता रहे हैं।

## संयुक्त राष्ट्र में सुधार पर आईपीयू ने किया भारत का समर्थन

**नयी दिल्ली ,एजेंसी।** अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) के अध्यक्ष दुआर्ते पचेको ने भारत का समर्थन करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ शनिवार को एक द्विपक्षीय बैठक में पचेको ने कहा कि भारत का वैश्विक दृष्टिकोण आईपीयू के दृष्टिकोण के भांति है और आईपीयू संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। जी–20 देशों के संसद अध्यक्षों का नौवां शिखर सम्मेलन पी–20 आईपीयू के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

बिरला ने पी–20 में पचेको का स्वागत करते हुए कहा कि प्राचीन लोकतंत्र, विशालता और विविधता भारत की ताकत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और समानता भारतीय संविधान में निहित है। देश में एक सक्षम और स्वतंत्र न्यायपालिका है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत आईपीयू के साथ मजबूत संसदों के निर्माण के एजेंडे का अनुसरण करता है।

## वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बुरी खबर, अधिकतर होटलों की बुकिंग रद्द



**वृंदावन, एजेंसी।** ठाकुर बांकेबिहारी की नगरी में होटल कारोबार पर संकट के बादल छा गए हैं। विकास प्राधिकरण द्वारा 203 होटल कारोबारियों को मानक पूरे न होने पर नोटिस देने के बाद इन पर तालाबंदी का खतरा है। कारोबारियों में खलबली मची है। अधिकतर होटल कारोबारियों ने बुकिंग रद्द कर दी है, कई ने बंद करने का निर्णय लिया है।

कार्तिक में बाहर से नियम सेवा के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे। एक माह तक वृंदावन में डेरा डालेंगे, लेकिन होटल बंद हुए तो उनके सामने रहने का संकट होगा। कार्तिक माह में की गई साधना वर्ष भर में सबसे अधिक फलदायक मानी गई है। देश–दुनिया के श्रद्धालु वृंदावन में आकर कार्तिक नियम सेवा कर पंचकोसी परिक्रमा करते हैं। 29 अक्टूबर से शुरू हो रहा कार्तिक माह गौड़ीय संप्रदाय में दामोदर मास के रूप में मनाया जाएगा।

एकादशी से कार्तिक मास नियम सेवा वाले भक्त अपने इष्ट को मनाने में जुट जाते हैं। पूरे माह हजारों श्रद्धालु यहां डेरा डालते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने होटल और गेस्ट हाउस में पहले से ही बुकिंग करा ली है।

इस्कॉन मंदिर में कार्तिक महीने में नियम सेवा करने को दुनियाभर के देशों से हजारों श्रद्धालु वृंदावन में एक महीने डेरा डालते हैं। कार्तिक महीने की शुरुआत से पहले ही एक हजार विदेशी भक्त वृंदावन आ रहे हैं। पूरे महीने में 20 हजार से अधिक विदेशी भक्त वृंदावन में नियम सेवा, दीपदान, पंचकोसी परिक्रमा, गिरिराज जी की परिक्रमा और चौरासी कोस परिक्रमा करेंगे।

विकास प्राधिकरण ने मानक पूरे न करने वाले होटल और गेस्ट हाउस संचालकों को नोटिस दिया है, ऐसे में उनमें खलबली मची है।

## भारत घाटी कभी नहीं खोएगा : पूर्व रॉ प्रमुख एएस दुलत

**कसौली ,एजेंसी।** पूर्व रॉ प्रमुख और पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर राज्य के पूर्व सलाहकार ए.एस. दुलत ने कहा है कि घाटी में अशांति के बावजूद कश्मीर भारत का हिस्सा बना रहेगा। अलगाववादियों और हुर्रियत नेताओं के साथ अपनी बैठकों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि कश्मीर में सामान्य स्थिति लाने का एकमात्र रास्ता बातचीत, धैर्य और सहानुभूति है।घाटी में अनुच्छेद 370 को खत्म करने का विरोध करने वाले दुलत का मानना है कि हर कोई 'बातचीत' करता है। और हर हितधारक के साथ बात करने में क्या हर्ज है? कोई भी स्थायी दुश्मन नहीं है, चाहे वह पाकिस्तान हो या चीन। वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान, कश्मीरी अलगाववादियों के साथ कई दौर की बैठकें हुईं। इतने सारे लोग मेरे घर आते थे।

उन्होंने कहा कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद भी उन लोगों से बात करती है, जिन्हें वे अपना दुश्मन कहते हैं। मैं उनके प्रमुखों में से एक के काफी करीब था, और उन्होंने स्वीकार किया कि स्थायी शांति केवल मेज पर प्राप्त की जा सकती है, युद्ध के मैदान पर नहीं।

खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव के पहले दिन बोलते हुए दुलत ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान कश्मीरियों के लिए राज्य का दर्जा देने की घोषणा करते हैं।

# यूपी में इंडिया गठबंधन: सपा ने कांग्रेस से पूछा कौन—कौन सी सीटें चाहिए



लखनऊ, एजेंसी। लोकसभा चुनाव करीब आते ही इंडिया की समन्वय समिति में यूपी में सीट बंटवारे को लेकर मंथन प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस ने सीटों की संख्या बताई तो सपा ने कहा कि उसे यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस सीट पर किसे लड़ाना चाहती है। आगे की बात उसके बाद ही होगी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी सबसे अहम राज्य है, क्योंकि यहीं सबसे ज्यादा 80 सीटें हैं। यहां इंडिया के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा होना है। घटक दलों में यहां सबसे मजबूत स्थिति में सपा है, इसलिए उसकी सहमति पर ही सारा दारोमदार निर्भर करेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि यूपी में सीटें बांटने का काम उनकी पार्टी ही करेगी।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस यूपी में गठबंधन के तहत करीब 30 सीटें मांग रही है। लेकिन, सपा नेतृत्व का मानना है कि सिर्फ लड़ने के लिए सीटों की संख्या ज्यादा रखना उचित नहीं है, जीतने के समीकरण अहम हैं, ताकि भाजपा को शिकस्त दी जा सके। समन्वय समिति में इसी तर्क को रखते हुए सपा ने कहा कि कांग्रेस जिन सीटों पर लड़ना चाहती है, उन सीटों और प्रत्याशी के नाम पहले बताए। उसके बाद आगे की बात होगी। समन्वय समिति के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने कहा है कि वह सीटों और प्रत्याशियों के बाबत होमवर्क कर रही है। जल्दी ही पूरे ब्यौरे के साथ अपनी बात रखेगी।

भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख और तेलंगाना के सीएम केसी राव राज्य के चुनाव के बाद इंडिया में शामिल हो सकते हैं। समन्वय समिति के सूत्रों के मुताबिक, इस बारे समिति के नेताओं से बात हुई है। तेलंगाना कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुख्य लड़ाई होने के कारण फिलहाल गठबंधन संभव नहीं है, लेकिन यह तय है कि केसीआर एनडीए के साथ नहीं जाएंगे। इसलिए राज्य चुनाव के बाद उनका इंडिया गठबंधन में शामिल होना तय माना जा रहा है।

## सीबीआई का बड़ा एक्शन : फर्जी पासपोर्ट मामले में पं. बंगाल और सिक्किम में 50 ठिकानों पर छापेमारी

**कोलकाता ,एजेंसी।** फर्जी और जाली पासपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम के लगभग 50 जगहों पर छापा मारा और इस मामले में जांच एजेंसी की कार्रवाई अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने इस मामले में सिलीगुड़ी के पासपोर्ट सेवा लघु केंद्र (पीएसएलके) के एक वरिष्ठ अधीक्षक को एक बिचौलिए के साथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अधिकारी ने बताया कि गैर–निवासियों सहित अयोग्य व्यक्तियों को कथित तौर पर रिश्वत लेकर जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी में 16 अधिकारियों सहित 24 व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

# नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा हमास : आईडीएफ

**जेरूसलम ,एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को आरोप लगाया कि हमास आतंकवादी समूह गाजा में नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, ताकि घिरे हुए इलाके के उत्तरी हिस्सों से उनकी निकासी को रोका जा सके। इजरायली सेना ने गाजा शहर और उसके आसपास के लगभग 10 लाख नागरिकों को गाजा के दक्षिणी इलाकों में जाने का आदेश दिया है। शनिवार की सुबह, आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा कि यह चिंताजनक है कि हमास ने संदेशों, चौकियों और जमीन पर स्टॉप का उपयोग करके फिलिस्तीनी नागरिकों को निकलने से रोक दिया और रोकने की कोशिश की।

कॉनरिकस ने बताया कि गाजा पर संभावित जमीनी हमले के बारे में पूछे जाने पर आईडीएफ जमीनी स्थिति का आकलन करेगा।

उन्होंने कहा,हमें यह देखने की ज़रूरत है कि क्षेत्र में कितने नागरिक बचे हैं और उनमें से कितने लोगों को हमास ने निकलने से रोक दिया है। हमने इन लोगों को जाने से रोकने के लिए हमास द्वारा सक्रिय प्रयास देखे हैं, जो मुझे लगता है कि बिल्कुल नए स्तर पर भयावह है और एक बार जब हम देखेंगे कि स्थिति युद्ध अभियानों के लिए अनुकूल है, तो वे शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी सुरक्षा के लिए क्षेत्र छोड़ देना चाहिए और तभी लौटना चाहिए जब हम उन्हें बताएं कि ऐसा करना सुरक्षित है। उन्होंने कहा, आईडीएफ ने फिलिस्तीनी नागरिकों की दक्षिण की ओर आवाजाही देखी है, उन्होंने कहा कि गाजा निवासी चतुराई से काम कर रहे हैं, एक खतरनाक क्षेत्र से बाहर जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक हमारे दुश्मन नहीं हैं और हम उन्हें इस तरह निशाना नहीं बनाते हैं।

हम सही काम करने की कोशिश कर रहे हैं, हम नागरिकों के लिए जोखिम को कम करने के लिए उन्हें निकालने की कोशिश कर रहे हैं। यह बेहद दुखद और अफसोसजनक है कि इतने सारे मीडिया आउटलेट हमास पर जिम्मेदारी डालने के बजाय हमारे कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

कॉनरिकस ने कहा, यह सब हमास कर रहा है, हम स्थिति का जवाब दे रहे हैं। हम नागरिकों या उनके बुनियादी ढांचे पर हमला नहीं करने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने यह भी घोषणा की कि इजरायली रिजर्व सैनिक गाजा पट्टी के चारों ओर ऑपरेशन के अगले चरण के लिए तैयार हो रहे हैं।

## सीमा शुल्क विभाग ने कोलकाता में कार के बोनट से 2.5 करोड़ रुपये का तस्करी का सोना किया जब्त

**कोलकाता ,एजेंसी।** सीमा शुल्क विभाग ने दक्षिण कोलकाता में एक वाहन के बोनट से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का तस्करी का सोना जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चारों लोग केरल के मूल निवासी हैं, जो वर्तमान में कोलकाता में रह रहे हैं।वे एक कॉर्पोरेट इकाई के लिए काम करते हैं जिसका वैश्विक मुख्यालय पश्चिम एशिया में है और सोने के आभूषण निर्माण में शामिल हैं। अपने सूत्रों से सूचना मिलने पर, सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने एक कार का पीछा करना शुरू कर दिया, जिसमें चार गिरफ्तार व्यक्ति वाहन के बोनट पर छिपाकर तस्करी की गई सोने की चार छड़ें ले जा रहे थे।कार के गरियाहाट चौराहे पर पहुंचने के बाद अधिकारियों ने गाड़ी रोक दी।

# अयोध्या की रामलीला में बॉलीवुड के साथ भोजपुरी का तडक़ा

**अयोध्या ,एजेंसी।** आयोध्या में आज से शुरू हो रही रामलीला में इस बार बॉलीवुड के साथ भोजपुरी सितारों का तडक़ा लगेगा। ऐसा प्रतीत होगा कि यह रामलीला नहीं, बल्कि रामायण आधारित धारावाहिक देख रहे हैं। इस बार रामलीला के मंच पर रामायण के किरदार को 55 से अधिक फिल्मी कलाकार विभिन्न पात्र को निभाएंगे।

इस संबंध में रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मालिक (बाबी) और महासचिव शुभम मलिक ने बताया कि इस वर्ष रामलीला आयोजन का यह चौथा संस्करण होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या की रामलीला 14 से 24 अक्टूबर शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक तक अयोध्या में राम कथा पार्क में आयोजित होगा। शुभम ने बताया कि इस साल अयोध्या की रामलीला में बॉलीवुड, भोजपुरी और टीवी धारावाहिक में काम करने वाले 55 से अधिक कलाकार अभिनय कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पूनम ढिल्लों, भाग्यश्री, अमिता नागिरया, शीबा, रितु शिवपुरी, ममता सिंह, मांगिशा, पायल गोगा कपूर, प्रतिभा, गजेंद्र चौहान (राजा जनक), रजा मुराद (अहिरावण), राकेश बेदी (विभीषण), गिरिजा शंकर (रावण), अनिल धवन (इंद्रदेव), रवि किशन जी (केवट), वरुण सागर जी (हनुमान), सुनील पाल (नारद मुनि), राहुल भूचर ( राम जी), शिवा ,आकाशदीप (कुंभकरण), रूबी चौहान (मेघनाथ ), बनवारी लाल झोल (परशुराम), मनोज बक्शी (राजा दशरथ), गुलशन पांडे, अवतार गिल, सागर, चंदन काम कर रहे हैं। इसके अलावा रावण दहन वाले दिन भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार खेसारी लाल यादव रावण का अभिनय करेंगे।

सुभाष मालिक ने बताया कि अयोध्या की रामलीला की एंट्री फ्री है। इसकी कोई भी एंट्री फीस नहीं है। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला राम भक्तों ने बताया है अयोध्या की रामलीला का उद्देश्य यह है कि करोड़ों राम भक्त जो घर में बैठे हैं वह प्रभु राम की रामलीला अपने घरों में बैठकर देख सके।

सुभाष ने बताया कि अयोध्या की रामलीला का हर साल नया रूप देखने को मिले। 2020 मे 16 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखा था। 2021 मे 22 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखा था और 2022 में 25 करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला को देखा था। इस साल अयोध्या की रामलीला का चौथा संस्करण है।इस बार प्रयास है कि 50 करोड़ लोग अयोध्या की रामलीला से जुड़ सकें। अयोध्या की रामलीला यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन पर लाइव दिखाई जाएगी।

# पी—20 सम्मेलन संपन्न, ओम बिरला ने ब्राजील को सौंपी कमान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** जी–20 देशों के संसदीय पीठासीन अधिकारियों का नौवां पी–20 सम्मेलन हरित ऊर्जा, महिला नीत विकास, डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करने के संकल्प के साथ शनिवार को यहां संपन्न हो गया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पी–20 की कमान ब्राजील के चैंबर ऑफ डेप्युटीज के अध्यक्ष आर्थर सीजर परेरा डी लीरा को सौंप दी।यहां यशोभूमि में आयोजित दो दिवसीय पी–20 शिखर सम्मेलन में आज के आखिरी सत्र में बिरला ने संयुक्त वक्तव्य के सर्वसम्मति से स्वीकार होने की घोषणा की और कहा कि संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से मंजूरी मिलना पी–20 की प्रक्रिया की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा, मेरे विचार में यह सम्मेलन जी–20 प्रक्रिया में संसदीय दृष्टिकोण को स्थापित करने में सफल रहा। भारत के लिए यह अत्यंत गौरव एवं सम्मान का विषय है कि जिस प्रकार जी–20 शिखर सम्मेलन में घोषणापत्र पर सर्वसम्मति बनी, उसी प्रकार एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसदें विषय पर आयोजित सम्मेलन में सर्वसम्मति बनी और हम संयुक्त वक्तव्य की घोषणा करने में सफल रहे। पी–20 का संयुक्त वक्तव्य एक पृथ्वी–एक परिवार एक भविष्य पर संसदों की साझी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि दो दिनों में इस सम्मेलन में वर्तमान वैश्विक चुनौतियों एवं विषयों पर संसदों की भूमिका पर सारगर्भित चर्चा हुई। बैठक में इन चुनौतियों पर अपने अनुभवों को साझा किया गया तथा इनके समाधान के लिए संसदें किस प्रकार भविष्य के रोडमैप पर काम कर सकती हैं, अपने–अपने देशों में संसदें किस प्रकार वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकती हैं, उसपर भी विचार रखे गये।

बिरला ने कहा, मुझे विश्वास है कि एसडीजी, हरित ऊर्जा, महिला नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर चार विषयगत सत्रों पर आपके बहुमूल्य विचार और इनपुट मानव केंद्रित कल्याण के लिए जी–20 प्रक्रिया को और मजबूत करने में योगदान देंगे। इन दो दिनों में आप सभी ने जो विचार रखे हैं और जो सुझाव दिये हैं, हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि जो अच्छे सुझाव यहाँ सामने दिए गए हैं, हम उनके क्रियान्वयन पर विचार करें, उनकी प्रगति को कैसे गति दी जा सकती है, इसके लिए प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में हमने जिन विषयों पर चर्चा की, वे एक राष्ट्र की नहीं, बल्कि समग्र विश्व की हैं। इसीलिए वैश्विक समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से ही हो सकता है। विधायी संस्थाएं होने के नाते हमारा दायित्व है कि हम अपने अपने देशों में इन चुनौतियों पर गहन चर्चा संवाद करें, अपने निर्वाचकों में इनके प्रति जागरूकता का निर्माण करें और इनपर व्यापक जनमत बनाएं।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में समकालीन भू–राजनीतिक घटनाओं खासकर पश्चिम एशिया की घटनाओं का उल्लेख किया गया। सदस्यों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने और आपूर्ति श्रंखलाओं के टिकाऊ होने की जरूरत महसूस की। बैठक में यह भी कहा गया कि हम संघर्षों एवं विवादों के शांतिपूर्ण समाधान खोजे जाने और मिलकर अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सदभाव स्थापित करने के पक्ष में हैं।बिरला ने कहा कि वह पी–20 सम्मेलन की अध्यक्षता ग्रहण करने के लिए ब्राजील की चैंबर ऑफ डेप्युटीज के अध्यक्ष लीरा को हार्दिक बधाई देते हैं और इस बात का पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हैं कि उनके नेतृत्व में पी–20 अपने उद्देश्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढाएगा। वह भारत की संसद की ओर से उन्हें अपने पूर्ण समर्थन एवं सहयोग का विश्वास दिलाते हैं।

इसके बाद बिरला ने लीरा को पी–20 की अध्यक्षता के दस्तावेज एवं प्रतीक चिह्न सौंपा। बाद में राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कार्यक्रम में पहुंचे।

## डायन के आरोप में बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

**कटिहार ,एजेंसी।** बिहार के कटिहार जिले के फलका थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक बुजुर्ग महिला की जादू टोना करने के आरोप में गला रेतकर हत्या कर दी गई।

पुलिस के मुताबिक, भरसिया पंचायत स्थित वार्ड 12 मोहम्मद नगर राजधानी महादलित टोला गांव में सोये अवस्था में बुगिया देवी (63) की गला रेत कर हत्या कर दी गई। सुबह जब घर के अन्य परिजन उठे तब उन्हें खाट पर लहूलुहान मृत देखा। शव पर जख्म के कई निशान थे।

# रोहित शर्मा ने 'हिटमैन' नाम को बखूबी साबित किया, जो धोनी–कोहली नहीं कर सके, उस मामले में बने किंग



नई दिल्ली, आईसीसी विश्व कप 2023 में भारत बनाम पाकिस्तान मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला जमकर गरजा। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 191 रन बनाए और भारत को जीत के लिए 192 रन का टारगेट दिया। इसका पीछा करते हुए भारत ने मैच को 7 विकेट से जीत लिया।

192 रन का पीछा करते हुए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मैदान पर चौके–छक्कों की बौछार लगाई। इस दौरान उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। बता दें कि रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में 300 से ज्यादा छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बैटर बन गए हैं।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा वनडे मैचों में 300 छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज और पहले भारतीय बन गए हैं। रोहित वनडे मैचों में 300 से अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की खास लिस्ट में शामिल हो गए है। रोहित शर्मा ने क्रिस गेल और शाहिद अफरीदी के खास क्लब में एंट्री मार दी है।

भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स
रोहित शर्मा – 303
एमएस धोनी – 229
सचिन तेंदुलकर – 195
सौरव गांगुली – 190
युवराज सिंह – 155

बता दें कि इस महामुकाबले में रोहित 86 रन बनाकर आउट हुए। शाहीन अफरीदी की गेंद पर इफ्तिखार अहमद ने उनका कैच लिया। रोहित ने अपनी पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए। वह शतक जड़ने से चूक गए।

इसके साथ ही रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान विश्व कप में दो बार अभी तक 50 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया। इस दौरान उन्होंने विराट कोहली, सौरव गांगुली और एम एस धोनी के खास क्लब में एंट्री की। वहीं, चेज करते हुए विश्व कप मैच में रोहित शर्मा ने 7 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। इस मामले में उन्होंने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पछाड़ा।

## यूईएफए ने इजराइल–कोसोवो यूरो 2024 क्वालीफायर किया स्थगित

जेरूसलम, इजराइल फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि कोसोवो और इजराइल के बीच रविवार को होने वाले यूरो 2024 क्वालीफायर को इजराइल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिया गया है।

आईएफए ने यूईएफए के फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि मैच के दिन कोसोवो के प्रिस्टिना में ग्रुप ड्ढ प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई थी। इजरायली अधिकारी वर्तमान में अपनी राष्ट्रीय टीम को विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

इससे पहले, यूईएफए ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ इजराइल के घरेलू मैच को 15 नवंबर तक आगे बढ़ा दिया, जो मूल रूप से गुरुवार के लिए निर्धारित था। मैच के लिए स्थान की अभी तक पुष्टि नहीं की गई है।

# बुमराह ने अख्तर को किया ट्रोल; मैच में दिखा जंग से जुड़ा पोस्टर



भारत ने पाकिस्तान को हराकर वनडे विश्व कप में अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखा है।

यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। मैच को लेकर कई दिलचस्प तस्वीरें सामने आई हैं।

'क्रिकेट के भगवान' 'किंग विराट कोहली' को सलाह देते दिखे, तो वहीं अहमदाबाद स्टेडियम में फैंस की भारी भीड़ नजर आई।

इसके अलावा जसप्रीत बुमराह ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को ट्रोल किया। साथ ही हार्दिक पांड्या अहमदाबाद के फैंस का मनोरंजन करते नजर आए। इतना ही नहीं भारत पाकिस्तान मैच इस्राइल–हमास के बीच जंग से जुड़ी तस्वीरें भी नजर आईं। आइए मैच से जुड़ी दिलचस्प तस्वीरें दिखाते हैं...

# भारतीय टीम मिस्र में विश्व कैडेट चैम्पियनशिप से हटी, इस्राइल–हमास संघर्ष बना वजह



चेन्नई। एआईसीएफ के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय महासंघ ने विश्व शतरंज संस्था से गाजा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट को स्थगित करने का अनुरोध किया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखना था और गाजा की स्थिति के कारण विमान संचालन पर अनिश्चितता थी।

भारतीय टीम ने गाजा की स्थिति को देखते हुए और प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 14 से 23 अक्तूबर तक मिस्र के शर्म अल शेख में होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है।

टूर्नामेंट में देश के 39 खिलाड़ियों को हिस्सा लेना था, जिसमें अंडर–12, 10 और 8 कैटेगरी के इवेंट शामिल थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने कहा, "इस्राइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए, उचित विचार–विमर्श के बाद, विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप–2023 में भारतीय टीम की भागीदारी वापस लेने का निर्णय लिया गया।" एआईसीएफ के सूत्रों के अनुसार, खिलाड़ियों, कोचों और खिलाड़ियों के साथ आए लोगों सहित लगभग 80 लोगों को टूर्नामेंट के लिए शर्म अल शेख जाना था।

# रोनाल्डो ने फैन को गाल पर किया था किस, रिपोर्ट में दावा–अब ईरान पहुंचे तो मिलेगी यह सजा

तेहरान। ये रिपोर्टें तब सामने आईं जब रोनाल्डो हाल ही में अल नस्र का मैच खेलने के लिए ईरान पहुंचे थे। वहां उन्होंने एशियाई चैंपियंस लीग का ग्रुप चरण मैच पर्सेपोलिस के खिलाफ खेला था। ईरान की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो भविष्य में उनके देश में प्रवेश करते हैं तो उन्हें एक गलत आचरण के लिए 99 कोड़े की सजा का सामना करना पड़ सकता है। ये रिपोर्टें तब सामने आईं हैं जब रोनाल्डो हाल ही में अल नस्र फुटबॉल क्लब का मैच खेलने के लिए ईरान पहुंचे थे। वहां उन्होंने एशियाई चैंपियंस लीग का ग्रुप चरण मैच पर्सेपोलिस के खिलाफ खेला था।

ईरान की अपनी यात्रा के दौरान, रोनाल्डो को प्रशंसकों की ओर से उपहारों की बौछार की गई, जिसमें फारसी कालीन और फुटबॉलर की पेंटिंग शामिल थीं। यह कलाकार फातिमा हमीमी द्वारा उपहार में दी गई पेंटिंग हैं, जो अपने पैरों का उपयोग



करके पेंटिंग करती हैं क्योंकि वह 85 प्रतिशत लकवाग्रस्त हैं और चलने–फिरने के लिए व्हीलचेयर का उपयोग करती हैं। विवाद हमीमी को लेकर ही हुआ है।

दरअसल, रोनाल्डो ने कथित तौर पर उपहार के लिए अपना आभार व्यक्त करने के लिए हामिमी को गले लगाया और गाल पर चूमा। ईरानी कानून के तहत, इस कृत्य को गलत आचरण का एक रूप माना जाता है जब इसमें किसी ऐसी महिला को शामिल किया जाता है जो किसी की पत्नी नहीं है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2016 से मॉडल जॉर्जीना रोड्रिग्स के साथ रिश्ते में हैं और उनके दो बच्चे हैं। रोड्रिग्स रोनाल्डो के तीन अन्य बच्चों की मां भी हैं।

हालांकि, रोनाल्डो के प्रतिनिधियों ने अभी तक स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन रिपोर्टों से पता चलता है कि 99 कोड़े मारने की सजा पहले ही जारी की जा चुकी है। हालांकि, यह कहा गया है कि अगर रोनाल्डो अपने किए पर पश्चाताप दिखाते हैं तो उनकी सजा रद्द की जा सकती है। यदि उनकी टीम किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में ईरानी टीम का सामना करती है तो स्थिति संभावित रूप से रोनाल्डो को प्रभावित कर सकती है, जिससे उनकी भविष्य की ईरान यात्रा के बारे में चिंताएं बढ़ जाएंगी। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस स्थिति से संबंधित जानकारी मीडिया रिपोर्टों पर आधारित है और इस मामले के संबंध में रोनाल्डो या उनके प्रतिनिधियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

# फिल्मी दुनियां

# राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी मचाएंगे पर्दे पर धमाल, हुआ नई फिल्म का ऐलान



अभिनेता राजकुमार राव आने वाले दिनों में कई अलग–अलग तरह की फिल्मों में नजर आने वाले हैं और अब उनके खाते से एक और फिल्म जुड़ गई है, जिसका नाम है विक्की विद्या का वो वाला वीडियो।इसके जरिए पहली बार राजकुमार और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी साथ आ रहे हैं और इससे भी खास बात यह है कि फिल्म के निर्देशन की कमान ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 का निर्देशन कर चुके राज शांडिल्य संभाल रहे हैं।

भूषण कुमार, एकता कपूर के साथ मिलकर यह मसाला एंटरटेलर फिल्म बना रहे हैं। टी–सीरीज ने फिल्म का एक शानदार पोस्टर साझा कर लिखा, अतीत का एक धमाका। पारिवारिक ड्रामा विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के जरिए राजकुमार और तृप्ति 90 के दशक की यादें ताजा करने आ रहे हैं।उधर शांडिल्य ने ट्वीट कर यह जानकारी दी कि ड्रीम गर्ल 2 के बाद यह उनकी अगली फिल्म है। इस फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

बात करें शांडिल्य की तो वह जाने–माने टेलीविजन और फिल्म राइटर हैं। उन्होंने अपना करियर 2006 में शुरू किया था। शांडिल्य कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी के लिए लगभग 350 स्क्रिप्ट और कपिल शर्मा के लिए लगभग 200 स्क्रिप्ट लिख चुके हैं।

यह शांडिल्य की ड्रीम गर्ल की तरह मजेदार होने वाली है। इसकी कहानी में 1990 के दशक का तडका लगेगा। फिल्म के नाम से पता चलता है कि यह विक्की और विद्या के इर्द–गिर्द घूमने वाली है। विक्की की भूमिका राजकुमार तो विद्या का किरदार तृप्ति निभाने वाली हैं।उनके एक पुराने वीडियो से फिल्म में धमाका होने वाला है। उसी वीडियो के आसपास फिल्म की कहानी बुनी गई है।

## मेहरीन पीरजादा ने सुल्तान ऑफ दिल्ली में 60 के दशक का अपनाया लुक

मिलन लुथरिया की अपकमिंग थ्रिलर सुल्तान ऑफ दिल्ली में एक्ट्रेस मेहरीन पीरजादा ने सीरीज में पोल्का डॉट ड्रेस और सिल्क लॉन्ग स्कर्ट से लेकर बाउंसी बॉब हेयर–डॉस तक क्लासिक 60 के दशक का लुक अपनाया है। शो में अपने लुक और स्टाइल के बारे में बात करते हुए मेहरीन ने कहा, मुझे सुल्तान ऑफ दिल्ली में मेरा लुक बहुत पसंद आया। मैं बालों के कलर को ध्यान में रखते हुए ब्लैक बालों का विग पहन रही थी क्योंकि उस समय बालों के कलर को लेकर ज्यादा क्रेज नहीं था। एफ3ः फन एंड फ्रस्ट्रेशन की एक्ट्रेस ने कहा, 50 और 60 के दशक के आउटफिट्स इतना कूल लुक देते थे। यह ऑड्रे और मर्लिन मुनरो से प्रेरित था जो मेरे लिए बहुत दिलचस्प था क्योंकि मैंने उनका बहुत सारा काम देखा है।
मेहरीन ने आगे साझा किया, मेरे कई लुक टेस्ट हुए क्योंकि मिलन सर लिप कलर या जूतों के प्रकार से खुश नहीं थे। पहले उन्होंने सोचा था कि संजना ब्राइट लिप कलर जैसे ज्यादातर रेड कलर पहने, लेकिन फिर उन्हें एहसास हुआ कि संजना जैसे किरदार के लिए जो बेहद मासूम है, न्यूट्रल कलर और नेचुरल मेकअप बेहतर रहेगा।

# टाइगर 3 का नया पोस्टर आया समाने, सलमान खान का दिखा खौफनाक अवतार



सलमान खान की 'टाइगर' फ्रेंचाइजी की थर्ड इंस्टॉलमेंट 'टाइगर 3' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं बॉलीवुड सुपरस्टार ने फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म नया पोस्टर आज रिलीज कर दिया है. 'टाइगर 3' के धांसू पोस्टर में सलमान खान के इंटेंस लुक को देखने के बाद फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं. .सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' का एक नया पोस्टर जारी किया, जिसमें वे काफी इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं. एक्टर इस नए पोस्टर में अपने घुटने के बल जमीन पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं और उन्होंने हाथ में गन ली हुई है. पोस्टर में सलमान ब्लैक पैंट के साथ जैकेट और अपना सिग्नेचर चेकर्ड व्हाइट एंड ब्लैक स्कॉर्फ लिए हुए बेहद डैशिंग लग रहे हैं. बता दें कि इस फिल्म में सलमान एक बार फिर सुपर एजेंट टाइगर उर्फ अविनाश सिंह राठौड़ के रोल में नजर आएंगे.

वहीं बता दें कि 'टाइगर 3' का ट्रेलर 16 अक्टूबर को रिलीज होगा. पोस्टर को शेयर करते हुए सलमान खान के कैप्शन ने ट्रेलर के लिए फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है.

# मधुरिमा तुली सीख रही कथक, कहा– सीखने की कोई उम्र नहीं होती



टीवी एक्ट्रेस मधुरिमा तुली शास्त्रीय कथक नृत्य सीख रही हैं। एक्ट्रेस ने कुछ कथक मूव्स करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया।

रिलेक्स करने के साथ–साथ कुछ नया सीखने के हिस्से के रूप में, मधुरिमा ने शास्त्रीय नृत्य सीखने के बारे में कहा कि सीखना वास्तव में उम्र पर निर्भर नहीं है।

चंद्रकांता फेम एक्ट्रेस ने कहाः मैंने हमेशा माना है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। बचपन से ही, मैं डांस की शौकीन रही हूं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, जहां तक शास्त्रीय नृत्य का सवाल है, मैंने सबसे लंबे समय तक ओडिसी सीखी है और मुझे इससे पूरी तरह प्यार हो गया है। कथक भी लंबे समय तक चर्चा में रहा। मैं निश्चित रूप से और अधिक सीखने के लिए उत्सुक हूं।

मधुरिमा के पास टीवी के साथ–साथ ओटीटी फॉर्मेट्स में प्रोजेक्ट्स है, और उन्होंने ड्रामा, रोमांस, पौराणिक कथाओं, थ्रिलर, सोप ओपेरा, एक्शन और अन्य विभिन्न शैलियों में काम किया है।

# फिल्म एनिमल का पहला गाना जारी, रणबीर कपूर ने रश्मिका मंदाना के साथ किया रोमांस

रणबीर कपूर इन दिनों अपनी मचअवेटेड फिल्म एनिमल को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं. हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था , जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स देखने को मिला था. वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म का पहला हुआ मैं गाना रिलीज किया है.यह एक रोमांटिक ट्रैक है, जिसमें रणबीर–रश्मिका की सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिल रही है. का नाम दोनों की लाजवाब केमेस्ट्री देखने को मिल रही है. गौरतलब है कि रणबीर और रश्मिका इस फिल्म के जरिए पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं.

गाने की शुरुआत दोनों के किसिंग सीन के होती है और इसके बाद दोनों के कई सारे लिपलॉक देखने को मिलेंगे. सॉन्ग में दोनों की जोड़ी कमाल की लग रही है.'एनिमल' की



कहानी एक परेशान बाप–बेटे के रिश्ते के इर्द–गिर्द घूमती है, जो अंडरवर्ल्ड के खतरनाक बैकग्राउंड पर बेस्ड है. इस वजह से फिल्म का हीरो साइकोपैथ में बदल जाता है. फिल्म में एक बेटे का अपने पिता के प्रति जुनूनी प्यार भी दिखाया गया है. 'एनिमल' को संदीप रेड्डी वांगा द्वारा डायरेक्ट किया गया है. फिल्म में रणबीर कपूर के अलावा अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना ने अहम रोल निभाया है.

ये फिल्म 1 दिसंबर, 2023 को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.वहीं रणबीर और रश्मिका के अलावा फिल्म में फिल्म में अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, बॉबी देओल और शक्ति कपूर भी नजर आएंगे. वहीं फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा.


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com